दैनिक समाचार पत्र

देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

वर्ष-5, अंक:138 | जयपुर, रविवार, 27 जुलाई 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web : www.deshkadarpannews.co

पीएम मोदी ने तोड़ा रिकॉर्डः सबसे लंबे कार्यकाल वाले देश के दूसरे प्रधानमंत्री, नेताओं ने कहा 'ये गर्व का पल'

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि जो सैनिक अग्निवीर के रूप में देश की सेनाओं में अपना योगदान दे रहे हैं, जब वह सेवानिवृत्त होंगे, तो हम ऐसे सैनिकों के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 20 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था कर रहे हैं। कारगिल विजय दिवस 2025 के अवसर पर लखनऊ स्थित कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज का दिन भारत के महान वीर सपूतों को याद करने का दिन है। इस दिन भारत ने ऑपरेशन विजय को पूर्ण करते हुए पाकिस्तान को धूल चटाकर दुनिया को हैरान कर दिया था। हम भारत के उन वीर सपूतों को नमन करते हैं। ये दिन भारत की सेना के शौर्य का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध पाकिस्तान ने भारत पर थोपा था जिसका मुंहतोड़ जवाब हमारे वीर जवानों ने दिया। पहाड़ियों पर घुसपैठ की सूचना मिली। सेना ने सरकार को जानकारी दी। इसके बाद हमला करने

पर गलतफहमी को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कार्रवाई की। आज के ही दिन कारगिल विजय की घोषणा प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कुछ लोग सत्ता में आने के बाद परिवारवाद के सहारे जातिवाद से सामाजिक ताने-बाने को छिन्न भिन्न करने का काम करते हैं। जब भी हम ऐसी प्रवृत्ति के लोगों के चंगुल में फंसते हैं, हमे बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। हमारे पास योद्धाओं, वैभव और बुद्धि की कमी नहीं है लेकिन उस दौरान कुछ लोगों ने अपने हित के लिए देश को बांटने का काम किया, जिससे देश गुलाम हुआ। आज भी कुछ राजनीतिक दल बांटने का काम कर रहे हैं। उस दौरान भी विभाजन हमारी कमजोरी था। फिर से हमें विभाजन से बचने की आवश्यकता है। हमें एक भारत श्रेष्ठ भारत को समर्थ और सशक्त बनाने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। कारगिल विजय दिवस का संदेश भी यही है। मुख्यमंत्री योगी ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि आपने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत के शौर्य और पराक्रम को भी देखा होगा। भारतीय सेना को पूरे पाकिस्तान को सबक सिखाने में 22 मिनट भी नहीं लगे। पाकिस्तान के आतंकी कैंप को तहस-नहस कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पुलवामा में दुस्साहस करने वालों को कीमत चुकाने की बात कही थी।

खरगे, सोनिया ने करगिल नायकों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 1999 के करगिल युद्ध के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को बरसो तक 'भारत के इतिहास में वीरता का स्वर्णिम अध्याय' बताया जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। राज्यसभा में विपक्ष के नेता श्री खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, करगिल विजय दिवस पर हम अपने सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों, पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और सभी साथी भारतीयों को हार्दिक बधाई देते हैं। हम अपने शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन और सलाम करते हैं जिन्होंने करगिल युद्ध में हमारी मातृभूमि की बहादुरी से रक्षा की। उनका अदम्य साहस

और वीरता हमेशा पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।इस अवसर पर वीर सैनिकों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए कांग्रेस नेता श्रीमती गांधी ने कहा इस करगिल विजय दिवस पर हम अपने वीर सैनिकों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हैं जिन्होंने भारत के इतिहास में वीरता का एक स्वर्णिम अध्याय अंकित किया। उनकी विरासत अमर है और वह आने वाली पीढ़ियों को गर्व और सम्मान के साथ सेवा करने के लिए प्रेरित करती रहेगी। करगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को ऑपरेशन विजय के सफल समापन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है । इस दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने जम्मू-कश्मीर के कारगिल सेक्टर में महत्वपूर्ण रणनीतिक ठिकानों को पाकिस्तानी सैनिकों के कब्ज़े से छुड़ा कर दोबारा देश का परचम फहराया था। साठ दिनों से अधिक समय तक चला यह युद्ध भारत की निर्णायक जीत के साथ समाप्त हुआ।

भाजपा और ईडी हमारे नेतृत्व को कमजोर करना चाहती है : पायलट

रायपुर। कांग्रेस संगठन के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों ही हमारे नेतृत्व को कमजोर करने का काम और हमें अलग करने का काम कर रहे हैं। शराब घोटाले मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश का सियासी पारा गरम है। इस विषय पर जहां कांग्रेस ने पहले चक्का-जाम किया वहीं अब श्री पायलट ने शनिवार को खास तौर पर जेल में बंद चैतन्य बघेल और पूर्व मंत्री कवासी लखमा से मिलने सेंट्रल जेल रायपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर में जाकर चैतन्य और पूर्व मंत्री कवासी लखमा से मुलाकात कर उनका हाल जाना। इस दौरान उन्होंने जेल में ही अधिकारियों को कहा कि इन्हें किसी भी तरह की परेशानी नहीं होना चाहिए और स्वास्थ्य परिक्षण

समय समय पर होता रहना चाहिए। जेल परिसर से बाहर आने के बाद श्री पायलट मीडिया से बात करते हुए कहा, भाजपा सरकार ने ये ठान लिया है कि कांग्रेस का नेतृत्व चाहे राष्ट्र का हो या प्रदेशों का ईडी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सोनिया गांधी जी सभी लोगों को अलग करने की कोशिश की है तथा देश का ध्यान डायवर्ट करने की चरित्र हनन करने की कोशिश करते हैं। भ्रष्टाचार का नाम लेकर वैचारिक विरोध करने वाले लोगों पर वो आक्रमण कर रहे हैं। आज मैं चैतन्य बघेल से मिला हूं, कवासी लखमा से मिला हूं। इन सभी को इसलिए टारगेट किया जा रहा है क्योंकि ये मुखर होकर उनका विरोध करते हैं जो प्रदेश की जल जंगल और जमीन को बेचना चाहते हैं। आप सरकार का विरोध करो उद्योगपतियों का विरोध करो ये आप पर जरूर कार्रवाई करेंगें, हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा है। हम मजबूती से लड़ते रहेगें कांग्रेस एक है और राजनींतिक संघर्ष करते रहेगें। जेल में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है लखमा जी का स्वास्थ्य खराब रहता है मैंने अधिकारियों से आग्रह किया है कि उनको समय पर दवा और जांच होती रहे। चैतन्य बघेल से मिला उसके चेहरे पर मुस्कान थी उसने कहा मै डरने वाला नहीं हूं भाजपा कितना भी कुछ मेरे परिवार को कर ले हम एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगें।

सीमा पार हेरोइन तस्करी के मॉड्यूल का भंडाफोड़,50 करोड़ के 10 किलो हेरोइन जब्त, आठ गिरफ्तार

अमृतसर । पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान स्थित तस्करों से सीधे जुड़े एक सुसंगठित हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है तथा उनके पास से 50 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के 10 किलो हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में एक किशोर सहित आठ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से दस किलो एक सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 50 करोड़ रुपए बताई जा रही है। डीजीपी ने बताया कि मुख्य आरोपी सरबजीत उर्फ जोबन, जो सीमावर्ती क्षेत्र के एक गाँव से सक्रिय है, सीमा पार कुख्यात तस्कर राणा के सीधे संपर्क में है। उसे एक किशोर के साथ गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से एक किलो हेरोइन बरामद की गई है।उससे पूछताछ के बाद अजनाला से दो और तस्करों - धर्म सिंह और कुलबीर सिंह - को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से पांच किलो से अधिक हेरोइन बरामद की गई। उनके दो मोटरसाइकिल भी जब्त किए गए हैं। डीजीपी ने बताया कि पुलिस थाना एयरपोर्ट और पुलिस थाना छेहरटा में एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि एक बड़े खुफिया अभियान में, काउंटर इंटेलिजेंस - अमृतसर ने सीमा पार हेरोइन तस्करी के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और पाकिस्तान स्थित तस्कर से सीधे जुड़े चार प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया।

हमारे बहादुर जवानों की कुर्बानी प्रेरणा देती रहेगी : मोदी

प्रधानमंत्री ने 1999 के कारगिल युद्ध में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

एजेंसी

नई दिल्ली। कारगिल विजय दिवस के पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1999 के कारगिल युद्ध में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने इस दिन को भारत के उन वीरों के अद्वितीय साहस और अदम्य साहस की याद दिलाने वाला बताया जिन्होंने सर्वोच्च चोटियों पर राष्ट्र के सम्मान की रक्षा की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखें एक पोस्ट में कहा, 'कारगिल विजय दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। यह अवसर हमें भारत माता के उन वीर सपूतों के अद्वितीय साहस और पराक्रम की याद दिलाता है जिन्होंने राष्ट्र के गौरव की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्योछवर करने का उनका जुनून हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। जय हिंद!' राष्ट्र 26वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर समूचा भारत उन वीर सैनिकों को याद करने और उनका सम्मान करने के लिए एकजुट होता हैं जिन्होंने 1999 में अद्वितीय साहस और दृढ़ संकल्प के साथ कारगिल की चोटियों पर पुनः विजय प्राप्त की थी। यह पवित्र दिवस ऑपरेशन विजय की सफल परिणति का स्मरण कराता है जब भारतीय

सेना ने कारगिल क्षेत्र की रणनीतिक चोटियों से पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़कर राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा की थी। यह संघर्ष मई 1999 में उस समय शुरू हुआ जब पाकिस्तानी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा पार कर राष्ट्रीय राजमार्ग एकए - श्रीनगर को लेह से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग को काटने के उद्देश्य से भारतीय ठिकानों पर कब्जा कर लिया। जवाब में भारत ने एक सुनियोजित सैन्य अभियान शुरू किया जिसमें खतरनाक इलाकों और शून्य से नीचे के तापमान में लड़े गई भीषण संघर्ष शामिल थे। कारगिल युद्ध में तोलोलिंग, टाइगर हिल और प्वाइंट 4875 जैसे ऐतिहासिक स्थल बलिदान के प्रतीक बन गए और राष्ट्रीय स्मृति में हमेशा के लिए अंकित हो गए। कैप्टन विक्रम बत्रा, मेजर राजेश अधिकारी, कैप्टन अनुज नैयर, ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव और राइफलमैन संजय कुमार जैसे वीर भारतीय वीरता के प्रतीक बनकर उभरे। यह युद्ध 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ। इस दौरान भारत ने नियंत्रण रेखा पार किए बिना घुसपैठ की गई सभी चौकियों पर नियंत्रण हासिल कर उल्लेखनीय सैन्य संयम का परिचय दिया और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान अर्जित किया। यह जीत भारी कीमत पर मिली जिसमे देश के 545 सैनिक शहीद हुए और एक हज़ार से ज़्यादा घायल हुए। द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक की दीवारों पर उकेरा गया प्रत्येक नाम उस कीमत के साथ-साथ गौरव की भी याद दिलाता है।

करगिल दिवस पर मुर्मु ने सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

एजेंसी

नई दिल्ली । करगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 1999 के करगिल युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इस दिन को देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले भारतीय सैनिकों के असाधारण पराक्रम, अटूट साहस और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक बताया। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में लिखा, करगिल विजय दिवस के अवसर पर मैं मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ। यह दिन हमारे जवानों के असाधारण पराक्रम, साहस और दृढ़ निश्चय का प्रतीक है। राष्ट्र के लिए उनका समर्पण और सर्वोच्च बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। गौरतलब है कि करगिल विजय दिवस प्रतिवर्ष 26 जुलाई को मनाया जाता है। यह ऑपरेशन विजय के सफल समापन का प्रतीक है जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों ने जम्मू-कश्मीर के करगिल सेक्टर में आतंकवादियों के वेश में घुसपैठ करने वाले पाकिस्तानी सैनिकों से महत्वपूर्ण रणनीतिक ठिकानों पर पुनः कब्जा कर तिरंगा फहराया था। साठ दिनों से अधिक समय तक चला यह युद्ध भारत की निर्णायक जीत के साथ

समाप्त हुआ। इस दिन पूरे भारत के लोग वीर सैनिकों को याद करने और उनका सम्मान करने के लिए एक साथ आते हैं। यह पवित्र दिन ऑपरेशन विजय की सफल परिणति का स्मरण कराता है। यह युद्ध मई 1999 में शुरू हुआ जब पाकिस्तानी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा पार करके भारतीय चौकियों पर कब्जा कर लिया और श्रीनगर को लेह से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 1ए से संपर्क तोड़ने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में भारत ने एक सुनियोजित सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें दुर्गम इलाकों और शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद अपने अदम्य शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया और करगिल फतह किया। तोलोलिंग, टाइगर हिल और पॉइंट 4875 जैसे ऐतिहासिक स्थल बलिदान के प्रतीक बन गए और राष्ट्रीय स्मृति में हमेशा के लिए अंकित हो गए। कैप्टन विक्रम बत्रा, मेजर राजेश अधिकारी, कैप्टन अनुज नैयर, ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव और राइफलमैन संजय कुमार जैसे वीर भारतीय वीरता के प्रतीक बनकर उभरे। करगिल युद्ध 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ, जिसमें भारत ने नियंत्रण रेखा पार किए बिना सभी ठिकानों पर अपना नियंत्रण कर लिया - जिससे उसे उल्लेखनीय सैन्य संयम का परिचय मिला और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति मिली।

राजस्थान में बारिश का कहर : सीकर में हाईटेंशन लाइन से 5 झुलसे, अजमेर में मंदिर का हिस्सा ढहा

जयपुर में पेड़ गिरा, दौसा में 6 इंच बारिश

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान में एक बार फिर से बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। बंगाल की खाड़ी में बने नए वेदर सिस्टम के कारण राज्य में अगले तीन दिन भारी से अतिभारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने शनिवार को 9 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है।

रात से जयपुर, अजमेर, सीकर और दौसा समेत कई इलाकों में रुक-रुककर तेज बारिश हो रही है। सीकर में हाईटेंशन लाइन से करंट फैलने की घटना में 5 लोग झुलस गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, सीकर की एक पुलिस चौकी भी जलभराव के कारण डूब गई। जयपुर में शनिवार सुबह तक रुक-रुककर बारिश होती रही। परकोटे के क्षेत्र में एक पुराना पेड़ गिरने से मंदिर और पास के मकानों को नुकसान हुआ है। दौसा जिले में मूसलाधार बारिश हुई, जिससे महज एक घंटे में करीब 6 इंच पानी बरस गया। अजमेर में भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए एहतियातन स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। शहर के एक मंदिर का हिस्सा भी बारिश के चलते ढह गया है। राज्य सरकार और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें अलर्ट मोड पर हैं। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे बिना जरूरी काम के घरों से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर रहें।

प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते देश का विरोध करने लगी कांग्रेस : शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी

भोपाल । केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते-करते देश का ही विरोध करने लगी है। केंद्रीय मंत्री का यह बयान कांग्रेस के कारगिल और ऑपरेशन सिंदूर पर उठाए सवालों के जवाब में आया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'आज का दिन खास है। अपनी सेना के शौर्य को प्रणाम, उनकी वीरता को प्रणाम। उन सैनिकों को प्रणाम जिन्होंने अपना बलिदान दिया था।' कांग्रेस की ओर से कारगिल और फिर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आए बयानों पर कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस तो कारगिल विजय पर सवाल उठाती है। वर्ष 2004 से 2009 तक यूपीए की सरकार रही, तब कारगिल विजय

दिवस मनाया ही नहीं गया था। कांग्रेस के एक सांसद ने तो यहां तक कहा था कि हम क्यों मनाएं, क्योंकि यह युद्ध तो एनडीए की सरकार में लड़ा गया। सवाल उठता है कि जब कोई देश युद्ध करता है तो क्या वह किसी सरकार के लिए करता है? क्या इस तरह के सवाल खड़े करना देशभक्ति है?

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न केवल कारगिल युद्ध पर, बल्कि ऑपरेशन सिंदूर पर भी सवाल उठाए, जो गलत है। कांग्रेस देश का नुकसान करने में लगी है और उसकी सोच राष्ट्र विरोधी हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते कांग्रेस देश का विरोध करने लगी है। इसके नेता पाकिस्तान जैसी बातें करते हैं, जिन्हें पाकिस्तान दुनिया में उदाहरण के तौर पर पेश करता है। लेकिन हम अपनी सेना के शौर्य को सलाम करते हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से हाल ही में पिछड़े वर्ग को लेकर दिए गए बयान पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी बहुत देर बाद समझ पाते हैं। पहले उन्होंने आपातकाल के लिए माफी मांगी, फिर सिख दंगों के लिए माफी मांगी, और अब ओबीसी समाज से माफी मांग ली। कांग्रेस को बताना चाहिए कि उन्होंने ओबीसी के लिए किया क्या है। कांग्रेस यह बताए कि मंडल आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में किसने डाला था। इतना ही नहीं, ओबीसी के कल्याण के हर कदम को पहले कुचलने का प्रयास किया कांग्रेस ने और बाद में यह माफी मांग लेते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इससे पहले राहुल गांधी ने राफेल के मामले में माफी मांगी थी और अब जो कर रहे हैं उसके लिए 10 साल बाद माफी मांगेंगे। माफी मांगना उनके भाग्य में लिखा हुआ है।

आंध्र प्रदेश में डीजीपी के समक्ष रामकृष्ण समेत कई माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हरीश कुमार गुप्ता के समक्ष शनिवार को कई माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। डीजीपी ने मीडिया को इसकी जानकारी दी। आंध्र प्रदेश के पुलिस महानिदेशक के समक्ष आत्मसमर्पण करने वालों में रामकृष्ण और अरुणा दंपति भी शामिल है। डीजीपी ने मीडिया को बताया कि सुरक्षा बलों के एक अभियान के दौरान एओबी सीमा के भीतर भारी मात्रा में हथियार जब्त किए गए। जब्त हथियारों में एके-47, हथगोले और कई अन्य घातक हथियार शामिल हैं। डीजीपी ने कहा कि समय-समय पर माओवादियों की गतिविधियों की जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा बलों के साथ संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि

राज्य के लगभग 21 लोग छत्तीसगढ़ और झारखंड जैसे विभिन्न राज्यों में माओवादी सदस्य के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने सभी माओवादियों से जीवन की मुख्यधारा में आने और राज्य के विकास में भागीदार बनने की अपील की।आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों की कुल संख्या कितनी है, फिलहाल इसके बारे में डीजीपी की ओर से नहीं बताया गया।

ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया कि आतंकवाद समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगाः सेना प्रमुख

एजेंसी

द्रास। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कारगिल युद्ध स्मारक पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की गई सर्जिकल स्ट्राइक पाकिस्तान के लिए स्पष्ट संदेश थी कि आतंकवाद समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा। यह पहलगाम आतंकी हमले का जवाब भी था जो पूरे देश के लिए गहरा घाव था। इस बार भारत ने दिखाया कि जवाब निर्णायक होगा।

विजय दिवस पर एक सभा को संबोधित करते हुए सेना प्रमुख ने कहा कि दुश्मन को कड़ी प्रतिक्रिया देना भारत द्वारा स्थापित नई सामान्य स्थिति है। उन्होंने कहा कि देशवासियों द्वारा दिखाए गए विश्वास और सरकार द्वारा दी गई खुली छूट के कारण भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। जो भी शक्ति भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता को चुनौती देने या लोगों को नुकसान पहुँचाने की कोशिश करेगी, उसे करारा जवाब दिया जाएगा। जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना ने पाकिस्तान में नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी ठिकानों को बिना किसी नुकसान के ध्वस्त कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आतंकी ढाँचे को प्रभावी ढंग से निशाना बनाकर भारत ने निर्णायक जीत हासिल की। सेना ने

आतंकवादी ढाँचे को निशाना बनाया और निर्णायक जीत हासिल करने के लिए पाकिस्तान के अन्य आक्रामक प्रयासों को भी विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि 8 और 9 मई को पाकिस्तानी कार्रवाई का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया। हमारी सेना की वायु रक्षा एक अभेद्य दीवार की तरह खड़ी थी जिसे कोई भी मिसाइल या ड्रोन भेद नहीं सकता था। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना दुनिया में एक महत्वपूर्ण ताकत बनने की राह पर है। रुद्र, एक पूरी ब्रिगेड की स्थापना की जा रही है जिसके लिए कल मंजूरी दी गई है। इसके तहत हमारे पास रसद और युद्ध सहायता प्रदान करने के लिए एक ही स्थान पर पैदल सेना, मशीनीकृत पैदल सेना, बख्तरबंद इकाइयाँ, तोपखाने, विशेष बल और मानव रहित हवाई इकाइयाँ होंगी। सेना ने एक विशेष स्ट्राइक फोर्स भैरव लाइट कमांडो यूनिट का गठन किया है जो सीमा पर दुश्मन को चौंकाने के लिए हमेशा तैयार है। द्विवेदी ने कहा कि हर पैदल सेना बटालियन में अब एक ड्रोन प्लाटून है। तोपखाने में शक्तिबान रेजिमेंट का गठन किया गया है जो ड्रोन, काउंटर-ड्रोन और लोइटर गोला-बारूद से लैस होगी। हर रेजिमेंट में इन चीजों से लैस एक कम्पोजिट बैटरी होगी। सेना प्रमुख ने कहा कि आने वाले दिनों में हमारी क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी क्योंकि हम सेना की वायु रक्षा प्रणालियों को स्वदेशी मिसाइलों से लैस कर रहे हैं। पिछले साल रजत जयंती समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति को याद करते हुए सेना प्रमुख ने कहा कि शीर्ष नेताओं की उपस्थिति दर्शाती है कि यह केवल एक सेना दिवस नहीं बल्कि पूरे देश के लिए एक उत्सव है। उन्होंने कहा कि बर्फीली चोटियों पर वीरों द्वारा दिए गए बलिदानों के कारण ही राष्ट्र सुरक्षित है। हम उनके समर्पण और दृढ़ संकल्प को याद करते हैं और उन वीर नायकों को नमन करते हैं जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी ताकि हम सम्मान के साथ शांतिपूर्ण जीवन जी सकें।

भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते से राजस्थान के रत्न एवं आभूषण निर्यात को मिलेगी

जयपुर, 26 जुलाई। भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर होने के बाद राजस्थान के रत्न एवं आभूषण उद्योग को निर्यात के क्षेत्र में बड़ी बढ़त मिलने की संभावना है। इस समझौते के तहत कीमती और सस्ते आभूषणों पर लगने वाले सभी टैरिफ समाप्त कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री श्री कीर स्टार्मर द्वारा लंदन में गुरुवार को हस्ताक्षरित इस समझौते के तहत भारत के 99 फीसदी नियातों को यूके में शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त होगी, जिससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को नया बल मिलेगा। राजस्थान के लिए यह विशेष रूप से लाभदायक होगा क्योंकि यहां के रत्न एवं आभूषण उत्पादकों को अब यूके में शून्य टैरिफ दर पर निर्यात करने की सुविधा मिलेगी।

वर्तमान में भारत से कीमती धातुओं के आभूषणों के निर्यात पर 2 से 4 प्रतिशत तक का सीमा शुल्क लगता है, जबकि सस्ती धातुओं के आभूषणों पर यह शुल्क 4 प्रतिशत है। एफटीए के प्रभावी होते ही ये सभी शुल्क शून्य हो जाएंगे। इस समझौते से मोती, प्रीशियस एण्ड सेमी प्रीशियस स्टोन, कीमती धातु एवं कृत्रिम आभूषण आदि जिन वस्तुओं पर शुल्क समाप्त किया गया है, उनमें मोती, कीमती/अर्द्ध-कीमती पत्थर, कीमती धातुएं, कृत्रिम आभूषण आदि पर मौजूदा टैरिफ समाप्त किए गए हैं।

टेक्सटाइल और परिधान क्षेत्र में लाभ

यूके के बाजार में जीरो ड्यूटी पहुंच से राजस्थान का वस्त्र उद्योग भी लाभान्वित होगा, क्योंकि पहले यहां पर 12 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगता था। इस बदलाव से 4500-7000 करोड़ रुपये के निर्यात की संभावनाएं बढ़ेंगी। विशेष रूप से परिधान और होम टेक्सटाइल्स क्षेत्र में भारत के पड़ोसी देशों से राजस्थान बेहतर ढंग से प्रतिस्पर्धा कर सकेगा। मकराना और किशनगढ़ के विश्व प्रसिद्ध स्टोन एवं मार्बल उद्योग, राज्य की सीमेंट निर्माण इकाइयों एवं राजस्थानी पारंपरिक फर्नीचर और बेडिंग निर्माण इकाइयों को भी इस एफटीए से लाभ मिलेगा।

हस्तशिल्प के लिए बढ़ेंगी संभावनाएं

राजस्थान की पारंपरिक पेंटिंग्स, पॉटरी और धातु शिल्प सहित हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए भी बड़ी संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। यूके के लक्जरी मार्केट और दक्षिण एशियाई प्रवासी समुदाय की ओर से बढ़ती मांग इसमें सहायक होगी।

वी ने सोनीपत में लॉन्च की 5जी सर्विसेज

गुरुग्राम । जाना-माना दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया (वी) कल से सोनीपत में अपनी 5ऋ सर्विसेज का लॉन्च कर रहा है। यह विस्तार वी की योजनाओं के मुताबिक 23 शहरों में 5जी रोलआउट के तहत किया गया है, जिसके तहत 17 प्रायोरिटी सर्कल्स को कवर किया जाएगा, जहां वी ने 5जी स्पैक्ट्रम का अधिग्रहण किया है। इससे पहले वी ने मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बैंगलोर, मैसुरू, चण्डीगढ़, पटना, नागपुर और जयपुर सहित मुख्य शहरों में 5जी सर्विसेज की शुरूआत की थी, कंपनी देश भर में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक अपनी 5जी सर्विसेज का विस्तार जारी रखे हुए है। सोनीपत में वी के यूजर, जिनके पास 5जी इनेबल्ड डिवाइसेज हैं, वे कल से 5जी सर्विसेज का लाभ उठा सकते हैं।

ज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को मिला प्रतिष्ठित "संसद रत्न अवार्ड"

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मदन राठौड़ को किया सम्मानित

राज्यसभा की ओवरऑल कैटेगरी में प्रभावशाली योगदान और सक्रिय भूमिका के लिए सांसद मदन राठौड़ को दिया गया संसद रत्न अवार्ड

जयपुर, 26 जुलाई 2025। देश की संसदीय प्रणाली को सशक्त बनाने में विशिष्ट योगदान देने वाले राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को इस वर्ष का "संसद रत्न अवार्ड" प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें संसद में उनके उत्कृष्ट कार्य, जनहित के मुद्दों पर सक्रियता और विधायी योगदान के लिए दिया गया। "संसद रत्न अवार्ड" देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में उत्कृष्ट संसदीय प्रदर्शन को मान्यता देने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार प्रतिष्ठित पार्लियामेंट्री रिसर्च संस्था प्राइम पॉइंट फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया है और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के आशीर्वाद से प्रारंभ किया गया था। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने संसद के सत्रों में लगातार उपस्थिति, प्रभावशाली बहसों, प्रश्नों और जनहित याचिकाओं के माध्यम से अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने विभिन्न सामाजिक एवं विकासात्मक मुद्दों को संसद में उठाया, जिससे आम जन की समस्याओं को राष्ट्रीय मंच मिला। पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन नई दिल्ली के न्यू महाराष्ट्र सदन में आयोजित किया गया। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को यह पुरस्कार ?प्रदान किया। इसमें देश भर के वरिष्ठ सांसद, नीति निमार्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सांसद मदन राठौड़ ने कहा, ह्लयह सम्मान प्रदेश की जनता की सेवा का परिणाम है। मैं सदैव जनहित और राष्ट्रहित में कार्य करता रहूंगा। यह पुरस्कार मुझे और अधिक जिम्मेदारी से कार्य करने की प्रेरणा देता है ह्व यह सम्मान न केवल राठौड़ की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि एक प्रेरणा है उन सभी जनप्रतिनिधियों के लिए जो लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए समर्पित हैं। राठौड़ को यह पुरस्कार राज्यसभा की ओवरऑल कैटेगरी में उनके प्रभावशाली योगदान और सक्रिय भूमिका के लिए दिया गया है। इस वर्ष कुल 17 सांसदों और 2 संसदीय समितियों का चयन इस पुरस्कार के लिए किया गया है।

सुंदरबनवासियों के रक्षक मैंग्रोव ! अंतरराष्ट्रीय मैंग्रोव दिवस पर राखीबंधन द्वीपवासियों का

रमेश राय, वेस्ट बंगाल

सुंदरबन के प्रांतीय इलाकों के लोगों के लिए मैंग्रोव का योगदान अपार है। विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से सुंदरबनवासियों को छाती तानकर रक्षा की है इस जंगली जंगल ने। अंतरराष्ट्रीय मैंग्रोव दिवस पर दूरस्थ द्वीप क्षेत्रों के लोगों ने मैंग्रोव दिवस मनाया। इस दिन गंगासागर में कटावग्रस्त इलाकों में पौधे लगाए लोगों ने। मैंग्रोव को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसके साथ ही चंडीपुर इलाके में पौधों को राखी बांधकर और केक काटकर भाईचारे में बंधे इलाके के लोग।

इस विषय में शिक्षक पलाश दास ने कहा, सुंदरबन के तटीय इलाकों के लोगों के लिए मैंग्रोव का योगदान अपार है। एक के बाद एक प्राकृतिक आपदाओं से सुंदरबनवासियों की रक्षा की है इस मैंग्रोव ने। वर्तमान में वैश्विक तापवृद्धि और जलवायु परिवर्तन के कारण सुंदरबन के द्वीप क्षेत्रों में भूमिक्षय और नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। सुंदरबन के दूरवर्ती द्वीप घोरामारा द्वीप कटाव के कारण थोड़ा थोड़ा करके भूमिक्षय हो रहा है। लोहाचर द्वीप वर्तमान में पृथ्वी के मानचित्र से मिट चुका है। चंडीपुर के सबुज संघ और नंदकुमारपुर एसबीआई बैंक की ओर से चंडीपुर इलाके में 1 लाख पौधे लगाए गए हैं। केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि लोगों के साथ पेड़ों का जो संबंध है वह संबंध अटूट रखने के लिए राखीबंधन के माध्यम से सद्भावना का संदेश दिया जा रहा है समाज के सभी वर्ग के लोगों को। विश्व को बचाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए मैंग्रोव का महत्व है। आम लोग अगर अपनी पहल से विभिन्न जगहों पर पौधे लगाएं तो वैश्विक तापवृद्धि से काफी हद तक बचा जा सकता है। सागर पंचायत समिति के सहायक अध्यक्ष स्वप्न कुमार प्रधान ने कहा, मैंग्रोव की रक्षा और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए हम सागरद्वीपवासी दृढ़ संकल्पित हैं। सुंदरि, गरान, ग??, केवड़ा, ये सब पौधे लगाए गए हैं। इस विषय में स्थानीय निवासी पूर्णिमा घोरुई मंडल ने कहा, मैंग्रोव हमारे लिए मां के समान है, जैसे मां बचपन से हमें बड़ा करती है वैसे ही। पेड़ हमें ऑक्सीजन देकर जीवित रखे हैं। अंतरराष्ट्रीय मैंग्रोव दिवस पर सागर के द्वीपवासियों ने एक लाख से भी ज्यादा पौधे इस चंडीपुर इलाके में लगाए हैं। केवल लगाना ही नहीं, इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी हमारी है। आने वाले दिनों में प्राकृतिक आपदाओं के समय यह जंगल हमें बचाएगा।

सबुज संघ के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गणेश चंद्र दास ने बताया, विभिन्न प्रकार के विकासात्मक कार्य हम करते हैं उसी के तहत आज का दिन महत्वपूर्ण मैंग्रोव डे सागर, पथर, नामखाना, मथुरापुर 2 ब्लॉक में मनाया गया है यह दिन। उसके अंदर सागर ब्लॉक के चंडीपुर गांव की सैकड़ों महिलाओं को लेकर मैंग्रोव की रक्षा के उद्देश्य से यह संदेश दिया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हरियाली तीज पर 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का जयपुर के मदाऊ में करेंगे शुभारंभ

प्रदेशभर में एक दिन में लगाए जाएंगे ढाई करोड़ पौधे

मुख्यमंत्री सीकर के मंडावरा में वृक्षारोपण एवं वन महोत्सव कार्यक्रम में भी होंगे शामिल

जयपुर, 26 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पण भाव के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान से प्रेरणा लेते हुए राज्य सरकार ने मिशन ह्यहरियालो राजस्थानह्न के तहत प्रदेश में 5 वर्ष में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। पिछले वर्ष हरियाली तीज पर एक दिन में 2 करोड़ पौधे लगाकर मिशन ह्यहरियालो राजस्थानह्न का शुभारंभ किया गया था और कुल 7 करोड़ पौधे लगाए गए थे। इस वर्ष भी प्रदेश को हरा-भरा बनाने के लिए 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा 27 जुलाई (रविवार) हरियाली तीज के पावन अवसर पर 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। जयपुर के मदाऊ ग्राम (भांकरोटा) स्थित जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण कर मातृ वन की स्थापना करेंगे। इस दौरान ड्रोन के माध्यम से बीजारोपण भी किया जायेगा। श्री शर्मा इस अवसर पर वन विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। मुख्यमंत्री इसके साथ ही वन एवं वन्य जीव सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को अमृता देवी पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, पर्यावरण प्रेमी, वन सुरक्षा एवं प्रबंध समिति के सदस्य, गैर-सरकारी संगठनों, निजी संस्थाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों सहित एन.सी.सी व स्कॉउट कैडेट्स, विद्यार्थी तथा आमजन उपस्थित रहेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री शर्मा सीकर जिले के ग्राम मंडावरा (धोद) में वृक्षारोपण एवं वन महोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों में भी जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। हरियाली तीज के अवसर पर राज्य में एक दिन में 2 करोड 50 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है।

आगामी त्योहारों के मद्देनजर शाँति सुरक्षा एवं एवं कानून व्यवस्था को सुद्दढ़ बनाये रखने एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने किया

देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया)26 जुलाई।

महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर राजीव शर्मा एवं महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर कैलाश चन्द्र विश्नोई रेंज, भरतपुर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले में आगामी त्योहारों यथा हरियाली तीज, रक्षा बंधन,कृष्ण जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस आदि के मद्देनजर शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुद्दढ़ बनाए रखने तथा जिले में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से आज से दो दिवसीय एरिया डोमिनेशन का अभियान शुरू किया गया है जिसमें आज सभी थानाधिकारीगण सायंकालीन पेट्रोलिंग और नाकाबंदी के दौरान अलग अलग स्थानों पर प्रभावी चैकिंग एवं कार्रवाई कर रहे है।

सघन पेट्रोलिंग और नाकाबंदी अभियान के दौरान असामाजिक तत्व पुलिस के रडार पर रहेगें।

संगठन की मजबूती के लिए सभी को बूथ स्तर पर सक्रिय रहना होगा : जंगीर सिसला

कैथल (कृष्ण प्रजापति): भारतीय जनता पार्टी कलायत मंडल में आयोजित पहली बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी जंगीर सिसला ने शिरकत की। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत कर सम्मानित किया।

कार्यकताओं द्वारा मिले इस सम्मान पर धन्यवाद व्यक्त करते हुए जंगीर सिसला ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की ताकत से ही आज पार्टी देश और प्रदेश में मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं और संगठन की मजबूती के लिए सभी को बूथ स्तर पर सक्रिय रहना होगा। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम छू रहा है और हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जनता को पारदर्शी शासन मिल रहा है।

जंगीर सिसला ने कहा कि वे दिल से सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने उन्हें इतना सम्मान दिया। सिसला ने कहा कि हम सबका लक्ष्य स्पष्ट है जय भाजपा, तय भाजपा। बैठक में मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत करने और आने वाले समय में पार्टी को और आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की।

कैलाश चंद खटीक निर्विरोध बने जिला अध्यक्ष, विजय गुर्जर निर्विरोध जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित

सुरज वर्मा

शाहपुरा (भीलवाड़ा), 26 जुलाई:

शारीरिक शिक्षक संघ भीलवाड़ा के जिला अध्यक्ष पद पर कैलाश चंद खटीक को और जिला उपाध्यक्ष पद पर शाहपुरा निवासी विजय गुर्जर को सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। उनके चयन पर जिलेभर के शारीरिक शिक्षकों में हर्ष की लहर है। सभी ने दोनों पदाधिकारियों को हार्दिक बधाइयाँ दीं और उनके नेतृत्व में संघ को नई ऊँचाइयों तक पहुँचने की कामना की।

चौशाला पंचायत घर में बालू मंडल की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित, लिए गए कई अहम निर्णय

पार्टी की नीतियों, विचारों को आम जनता तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी : नरेंद्र जुलानीखेड़ा

कैथल (कृष्ण प्रजापति): बालू मंडल के गांव चौशाला स्थित पंचायत घर में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता बालू मंडल के अध्यक्ष नरेन्द्र जुलानी खेड़ा ने की। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में बालू मंडल प्रभारी राममेहर शर्मा कुराड, मंडल महामंत्री कुलदीप भाल, शक्ति केंद्र प्रमुख देवी प्रसन्न, आईटी सेल दीपक जांगड़ा, ब्लॉक समिति वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि बलजीत बालू, ब्लॉक समिति सदस्य सलिंदर कोकी, लीला राम, धर्मवीर, रामकुमार भाल सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष और मंडल कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को सभी बूथों पर सुना जाएगा। इसके साथ ही इस कार्यक्रम को सरल ऐप पर अपलोड करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसे पहुंचाया जा सके। मंडल अध्यक्ष सरपंच नरेन्द्र जुलानीखेड़ा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों और विचारों को आम जनता तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर जनता से संवाद स्थापित करे और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाए।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से निर्णय लिया गया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर पौधारोपण किया जाएगा। यह अभियान समाज में जागरूकता लाने के साथ-साथ प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में मददगार साबित होगा।

बैठक के अंत में सभी कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वे संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा और लगन के साथ कार्य करेंगे और जनता तक पार्टी की योजनाओं एवं विचारों को पहुंचाएंगे।

डीवाईएफआई जिला कमेटी की बैठक आयोजित

झुंझुनू। बी टी रणधीवे अध्ययन केंद्र शिक्षक भवन में डीवाईएफआई की जिला कमेटी झुंझुनू की बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला उपाध्यक्ष हेमलता शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

सदस्यता संगठन निर्माण व स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। जिला महासचिव योगेश कटारिया ने बताया कि आम जनता को लूटने और कार्पोरेट कम्पनियों को फायदा पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार के निर्देश पर राज्य सरकार द्वारा स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं और बिजली के निजीकरण की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लागू की जा रही नव उदारवादी आर्थिक नीतियों के तहत बिजली का निजीकरण करने का लक्ष्य है, इसके लिये सरकार बिजली विधेयक 2020 लेकर आयी थी जिसका देश के किसानों ने ऐतिहासिक किसान आंदोलन के तहत विरोध किया था। केंद्र सरकार ने आंदोलन के समझौते में इस कानून को वापस लेने का वादा किया था। परंतु अब धीरे-धीरे केन्द्र सरकार द्वारा उसे आगे बढ़ाया जा रहा है और जनता को पूरी जानकारी दिये बिना ही गुपचुप निजी कम्पनियों के द्वारा बिना अनुमति के सभी बिजली उपभोक्ताओं घरों में स्मार्ट मीटर लगा कर आम जनता को लूटने और बिजली से वंचित करने की साजिश की जा रही है। जिला कोषाध्यक्ष रामचंद्र टोडरवास ने कहा नौजवान सभा को मजबूत करने के लिए जिला कमेटी द्वारा आगामी एक महीने तक जिले में सदस्यता अभियान चलाया जायेगा तथा वार्ड और ग्राम कमेटीयों का निर्माण किया जायेगा। बैठक में स्मार्ट मीटर के विरुद्ध आंदोलन की विस्तृत रूपरेखा तय की गई और 26 जुलाई को इन तमाम मुद्दों को लेकर एक राज्य स्तरीय कन्वेंशन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस कन्वेंशन में इन मुद्दों को लेकर आंदोलन की पूरी योजना बनाई जायेगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अजित पूनिया, रामचंद्र टोडरवास, हेमलता शर्मा, कृष्ण सैनी, सिकंदर पहाडि ?ान, राहुल सैनी, साहिल कनकड़ेउ, साबिर भाटी, शाहिद चैनपूरा, आशीष पचार, आशु चौधरी, अनीश धायल, प्रिया चौधरी, सोहेल बहलिवान, नेहा टेलर, अरुण, छोटू आदि उपस्थित रहे।

शिविर में 190 लोग हुए लाभान्वित

झुंझुनू। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्व. केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा हर शुक्रवार को आयोजित होने वाला निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनू में संपन्न हुआ। शिविर में 190 रोगियों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई।

कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ एस एन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मुंड, देवेंद्र कुमार गौड़, कैलाश चंद्र शर्मा, प्रदीप कुमार शुक्ला, डॉ मूल सिंह, सहायक प्रमोद कुमार, डॉक्टर्स टीम व काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

19 फरवरी को जांगीड़ समाज का धानेश्वर (छोटा पुष्कर) में होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

सुरज वर्मा

शाहपुरा शहर के फुलिया कलां उपखंड क्षेत्र के छोटा पुष्कर में निशुल्क विवाह सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें कुदरत ने जिनके माता-पिता को छीन लिया उन कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन में निशुल्क पंजीयन होगा।धानेश्वर तीर्थ स्थल पर गुरुवार को हरियाली अमावस्या के अवसर पर जांगीड़ समाज की स्नेह मिलन समारोह के दौरान आयोजित समाज बंधुओ की बैठक में 19 फरवरी 2026 को धानेश्वर तीर्थ स्थल पर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया धानेश्वर चौखला सह सचिव मुकेश जांगीड़ काचरिया ने बताया कि बैठक के दौरान समाज बंधुओ ने कुदरत ने कोरोना काल और किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं या गंभीर बीमारी सहित किसी भी कारण से जिन बालिकाओं के माता-पिता नहीं है उन समाज की विवाह योग्य बालिकाओं का निशुल्क पंजीयन के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलन में परिग्रहण संस्कार होंगे।बैठक की अध्यक्षता करते हुए धानेश्वर चोखला अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ एवं मुख्य अतिथि अखिल भारतीय पुष्कर राज समाज के अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में नई दिशा और क्रांति का संचार होगा साथी आने वाली पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलेगी धानेश्वर अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ ने समाज की इस पहल की सराहना करते हुए उन्होंने हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए विवाह सम्मेलन को सफल बनाने का समाज बंधुओ से आग्रह किया बैठक के दौरान समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी सम्मानित करने का निर्णय लेते हुए हाथ ही राज्य सेवा में हाल में चयनित हुए समाज के प्रतिभाशाली चयनित कर्मचारियों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया समाज के स्नेह मिलन समारोह में भीलवाड़ा, अजमेर सहित प्रदेश के कई जिलों के समाज बंधुओ ने कार्यक्रम में भाग लिया कार्यक्रम का संचालन कादेड़ा संपत लाल जांगिड़ ने किया इससे पूर्व समाज बंधुओ भगवान श्री विश्वकर्मा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

सरकारी महाविधालय परिसर में नकबजनी करने वाले 2 शातिर बदमाश गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज
पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व), तेजस्वनी गौतम व्द्धर ने बताया कि जयपुर शहर में चोरी, लुट व नकबजनी की वारदात करने वालो के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने हेतु समस्त सहायक पुलिस आयुक्तगण व थानाधिकारीगण को अधिक से अधिक कार्यवाही करने के लियें निर्देशत किया गया। वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुये अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व श्री आसाराम चौधरी के निर्देशन व सहायक पुलिस आयुक्त श्री विनोद कुमार सांगानेर, जयपुर पूर्व के सुपरविजन में श्री मुनीन्द्र सिंह पु. नि. थानाधिकारी पुलिस थाना मालपुरा गेट के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। दिनांक 24.07.2025 को परिवादी श्री प्रोफेसर अनिल गुप्ता पुत्र श्री धर्मराज गुप्ता जाति महाजन उम्र 59 साल निवासी 62/6 सेक्टर द्द 62 प्रताप नगर थाना सांगानेर जयपुर हाल प्राचार्य राजकीय कन्या महाविधालय सांगानेर थाना मालपुरा गेट जयपुर ने उपस्थित थाना होकर पेश 09.07.2025 की सांय / रात को महाविधालय परिसर से छात्रा वॉशरूम से नल की स्टील की समस्त टॉटिया को चोरी हो गई, तद्यरोत दिनांक 11,07,2025 की सांय / रात को पानी की मोटर की चोरी हो गई। आज सुबह दि. 21.07.2025 को महाविधालय खोलने पर ज्ञात हुआ कि कि

चोरी हुई मोटर के स्थान पर लगायी गयी नई मोटर भी चोरी हो गई है, साथ में परिसर में रखे एक खराब वाटर कूलर में से कम्प्रेसर भी चोरी हुआ है। चोरी के यह वारदात दि. 19.07.2025 शनिवार को सांय 5.00 बजे महाविधालय बंद करने के पश्चात से आज प्रात: के बीच में कभी घटित हुई है। जिसपर प्रकरण संख्या 329/2025 घारा 331 (4), 305 (1) बी. एन. एस. में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।
वारदात को देखते हुए गठीत टीम द्वारा पूर्व में चालानशुदा अपराधियों से पुछताछ की गई। घटनास्थल के आसपास के सी.सी.टी.वी. फुटेज चैक कियें एवं हुलिये के आधार पर आसुचना संकलित कर आरोपीयों को चिन्हित किया। गठीत टीम द्वारा 1. विशाल श्रीवास्तव उर्फ सोनु बच्चा पुत्र श्री संजय श्रीवास्तव जाति कायश्त उम्र 24 साल निवासी गावं चन्पई थाना सिनदोली जिला शाहजहापुर युपी हाल किरायेदार छापोली की ढाणी अन्डर पास के पास पुलिस थाना मुहाना जिला जयपुर दक्षिण 2. आकाश वर्मा पुत्र श्री देवीलाल जाति रैगर उम्र 23 साल निवासी मकान नं. 40 श्रीराम नगर कालोनी नगर निगम के पीछे सांगानेर पुलिस थाना मालपुरा गेट जिला जयपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से चुराई गई 2 पानी की मोटर, वॉशरूम से नल की स्टील की समस्त टॉटिया व खराब वाटर कूलर का कम्प्रेसर सहित चोरी का समस्त माल बरामद किया गाया। मुलजिमों के खिलाफ पहले भी दर्जनों मुकदमें दर्ज है। मुलजिम विशाल श्रीवास्तव उर्फ सोनु बच्चा थाना हाजा का HS है।

पुलिस थाना ट्रांसपोर्टनगर जयपुर (पूर्व) की चैन स्नैचर द्वारा लूट कर ले जाने वाली चैन को खरीदने वाले को किया गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज

श्रीमति तेजस्वनी गौतम (भा.पु.से.) पुलिस उपायुक्त, जयपुर (पूर्व) ने बताया कि दिनांक 23.07.25 को परिवादिया श्रीमती शकुन्तला जैन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मैं दिनांक 23.07.25 को दिन में 1.30 बजे के आसपास घर के आगे पोर्च में कपड़े सुखाने के लिए डाल रही थी, तभी एक 20-25 साल का एक लड़का कंधे पर काला बैग लटकाए हुए मेन गेट की कुन्दी खोलकर अंदर आ गया और मेरे गले में से सोने की चैन पैंडिल सहित तोड़कर भागा और घर के बाहर खड़ी काली पल्सर मोटर साईकिल से भाग गया। आदि पर पुलिस थाना ट्रांसपोर्ट नगर में अभियोग संख्या 182/25 धारा 309 (4) बीएनएस में दर्ज किया गया।
प्रकरण हाजा में लूट कर ले जाने वाले मुल्जिम तरुण पारीक को दिनांक 25.07.2025 को गिरफ्तार किया गया था जिससे प्रकरण हाजा के माल मशरुका सोने की चैन के बारे में गहनता से पूछताछ की गयी तो बताया कि मेरे द्वारा लुटी गयी सोने की चैन को मैने अक्षय सैनी पुत्र श्री रुपनारायण सैनी जाति सैनी उम्र 24 साल निवासी लालबास बंधा नाई की थडी थाना जयसिंहपुरा खोर जिला जयपुर को 40 हजार रुपये में बेच दी थी जिस पर अनुसंधान अधिकारी श्री शिवदयाल सिंह सउनि द्वारा अक्षय सैनी के कब्जे से सोने की चैन को बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

मोटर साइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश

देश का दर्पण न्यूज
श्रीमान पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) श्री राजर्षि राज आई.पी.एस. ने बताया कि दिनांक 01.04.2023 को परिवादी मुकेश चौधरी पुत्र श्री सुमन लाल जाति जाट उम्र-29 साल निवासी डी-5 किरण बिहार, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास थाना शिप्रापथ, जयपुर द्वारा पुलिस थाना अशोकनगर जयपुर (दक्षिण) पर लिखित रिपोर्ट इस आशय की प्रस्तुत की गई कि मैंने दिनाक 27.03.2023 को 09.30 पी.एम. पर अपनी मोटर साइकिल ग्लेमर नं. फ्ख 14 ऊए 0341 को सुदर्शनपुरा 22 गोदाम पर खडी की थी जिसे कोई अज्ञात उसे चुराकर ले गया। आदि रिपोर्ट पर अभियोग संख्या 101/2023 धारा 379 आई.पी.सी. में दर्ज किया गया। श्रीमान पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं / सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों को गंभीरता से लेते हुए उनकी रोकथाम हेतु श्री ललित किशोर शर्मा अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) के निर्देशन व श्री बालाराम सहायक पुलिस आयुक्त अशोकनगर जयपुर (दक्षिण) के निकट सुपरविजन में श्री कृष्ण कुमार यादव पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना अशोकनगर जयपुर (दक्षिण) के नेतृत्व में श्री गणेश नारायण हैड कानि.793, श्री नेमीचन्द हैड कानि. 2101 व लक्ष्मण राम कानि 3393, राघवेन्द्र कानि. 10438, लक्ष्मीनारायण कानि. 9026 को शामिल किया जाकर एक विशेष पुलिस दल गठित किया गया। गठित विशेष पुलिस दल द्वारा अथक प्रयास करते हुये मुल्जिम शाहरूख उर्फ बकरी पुत्र श्री नियाज अहमद उम्र 26 साल जाति मुसलमान निवासी म.नं. 2473 तेलीपाडा बापू बाजार पुलिस थाना माणक चौक जयपुर से 04 मोटर साइकिल बरामद की जाकर उक्त मुल्जिम को उक्त मुकदमे में गिरफ्तार किया जाकर गहनता से पूछताछ की जा रही है अन्य वारदातो के खुलासे की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

परेड़ की सलामी लेकर एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

चित्रकूट/ब्यूरो: पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस लाइन का भ्रमण कर विभिन्न पटलों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जवानों का टर्न आउट चेक करते हुए ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी तथा सुधार के लिए प्रभारी आरआई को निर्देशित किया। इस दौरान आर्मोरर द्वारा जवानों को शस्त्रों का खोलने, जोड़ने व हैन्डलिंग की जानकारी दी गयी। पुलिस अधीक्षक ने परेड में शामिल सभी जवानों को

अनुशासन, एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में बताया। साथ ही सभी टोलियों व रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर और अनुशासन बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए तथा दौड़ भी करायी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार पहिया व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) वाहनों तथा अन्य वाहनों का निरीक्षण कर परिवहन शाखा प्रभारी को मरम्मत के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, मंदिर, भोजनालय, आर्मरी आदि पटलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। एसपी ने क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली तथा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम भी किया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवाशीष यादव, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस थाना आंधी ने दो नकबजन गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की गई विद्युत केबल के जले हुए तांबे के तार किये बरामद

देश का दर्पण न्यूज

श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 18.06.25 को परिवादी श्री सीताराम शर्मा निवासी आंधी ने पुलिस थाना आंधी पर रिपोर्ट दर्ज करवायी की मेरे कुऐ पर बने कमरे में रखी बोरिंग की केबल व कुऐ की केबल को कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया है। आदी रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 116/25 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस थाना आंधी के चोरी के दर्ज प्रकरण संख्या 143/25 में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी जमवारामगढ श्री प्रदीप यादव के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी आंधी श्री रमेश उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर दिनांक 24.07.2025 को दो आरोपियों रिंकू व राजकुमार को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी किया गया सामान लोहे की चैन कूंपी व लोहे के गेट का एक पल्ला बरामद किया जाकर जेल दाखिल करवाया गया था। आरोपियों से प्रकरण संख्या 143/25 में गिरफ्तार करते समय पूछताछ की गई तो नकबजनी के दर्ज प्रकरण संख्या 116/25 में भी केबल चोरी की वारदात करना बताया था जिस पर दिनांक 25.07.2025 को दोनों आरोपियों रिंकू व राजकुमार को जिला कारागृह जयपुर से प्रोडक्शन वारण्ट पर प्राप्त कर प्रकरण संख्या 116/25 में गिरफ्तार किया जाकर कब्जे से चोरी किया गया माल विद्युत केबलों को जलाकर निकाले गये 3 किलो 400 ग्राम तांबे के तार बरामद किये गए है।

मीरजापुर : भंडारी देवी पहाड़ी के पास मिला शव

मीरजापुर/ब्यूरो। उत्तर प्रदेश में मीरजापुर के अहरौरा थाना क्षेत्र में पहाड़ के किनारे शनिवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने मृतक की पहचान कर घटना की जानकारी परिजनों को देते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।
नगर चौकी प्रभारी अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक की पहचान हुसैनपुर जिगना निवासी फरेश हरिजन (42) के रूप में हुई है।

रेल ट्रैक पर रील बनाने व अनाधिकृत रुप से पार करने वालों पर झांसी रेल मंडल सख्त

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी रेल मंडल यात्री सुविधाओं में लगातार विस्तार कर रहा है। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। रेल ट्रैक तथा अन्य संवेदनशील स्थानों के आसपास घूमने वाले लोगों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।
झांसी मंडल की ओर से अप्रैल से जून 2025 के बीच 395 लोगों

पर कार्रवाई करते हुए 95200 रुपये का जुमार्ना वसूला गया है। यह सभी लोग रेल लाइन के आसपास अनाधिकृत रूप से घूमते हुए पाए गए थे। इनमें उरई में 115, ग्वालियर में 93, चित्रकूट में 48, झांसी में 19 मामले पकड़े गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य स्टेशनों पर भी लोग पकड़े गए हैं। इनमें से कुछ मामले रेल ट्रैक तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर रील बनाने से संबंधित भी हैं।
मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि रेलवे की ओर से सुरक्षा और संरक्षा की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। रेलवे की ओर से समय-समय पर अनाउंसमेंट की मदद से लोगों को जागरूक किया जाता है कि वह इस तरह से रेलवे लाइन क्रॉस ना करें। नियम ना मानने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

वैष्णो देवी दर्शन करने गया था परिवार, चोरों ने घर से नकदी और आभूषण किए पार

जालौन/ब्यूरो। उत्तर प्रदेश के जालौन जनपद के एट कोतवाली क्षेत्र के सिहारी वार्ड नंबर 5 में एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने एक मकान में सेंधमारी करके करीब दो लाख रुपये नकद, 100 ग्राम सोने के आभूषण और एक किलो चांदी के जेवरात पार कर दिए। घटना तब हुई जब परिवार के सभी सदस्य वैष्णो देवी की यात्रा पर गए हुए थे।
मकान मालिक अनिल कुमार सोनी (पुत्र रमेशचंद्र) ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ 20 जुलाई को वैष्णो देवी और अन्य स्थानों की यात्रा पर गया था। 25 जुलाई की रात करीब 2 बजे जब वह घर लौटा, तो उसने देखा कि मेन गेट का ताला तो लगा था, लेकिन अंदर बरामदे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर जाने पर उसने पाया कि बड़ी और छोटी अलमारियों, तिजोरी और बक्सों के ताले तोड़ दिए गए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था।
अनिल सोनी, जो कि एक ज्वैलर हैं, ने बताया कि चोरों ने उनकी तिजोरी से दो लाख रुपये नकद ले गए इसके अलावा, चोरों ने सीसीटीवी कैमरे की केबल, हार्ड डिस्क, डीवीआर और वाईफाई सहित पूरा सुरक्षा सिस्टम भी उखाड़कर ले गए, ताकि कोई सबूत न बचे।
अनिल ने बताया कि उसके बड़े भाई ने रात 10 बजे तक घर के बाहर बल्ब जलते हुए देखा था, लेकिन जब वह रात 2 बजे लौटा, तो बल्ब बुझा हुआ था। चोरों ने बिजली के तारों को भी काट दिया था, जिससे अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी की गई।

कांग्रेस के लिए एक 'स्थायी समस्या' बन चुके हैं राहुल गांधी : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ/ब्यूरो। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारत विरोधी एजेंडे का प्रतीक बताया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि कांग्रेस के 'स्थायी अध्यक्ष' राहुल गांधी ने सही फरमाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके लिए कोई समस्या नहीं हैं। दरअसल, विरासत के अहंकार में चूर वह खुद अपने परिवार व कांग्रेस के लिए एक 'स्थायी समस्या' बन चुके हैं। अपने चमत्कारिक व अभूतपूर्व नेतृत्व में वह कांग्रेस को चार दर्जन से ज्यादा चुनाव हरा चुके हैं। करीब दर्जन भर पूर्व मुख्यमंत्रियों और चार दर्जन पार्टी के बड़े नेताओं ने उनको पीठ दिखा दी है। अब समस्या यह है कि जब देश साथ नहीं दे रहा है तो राहुल गांधी कुंठा में भारत विरोधी एजेंडा का प्रतीक बन चुके हैं और 'मति की मारी' कांग्रेस उनके रास्ते पर चलने के लिए 'विवश' है।
एक अन्य पोस्ट में उप मुख्यमंत्री

ने लिखा कि गांधी परिवार और उसकी जेब में रहने वाली कांग्रेस पिछड़ा वर्ग का जन्मजात विरोधी है।
पिछड़ा वर्ग को न्याय दिलाने के लिए काका कालेलकर आयोग 1955 से लेकर मंडल आयोग 1980 की रिपोर्ट पर कांग्रेस कुंडली मार कर बैठ गई थी। मंडल आयोग की सिफारिश वीपी सिंह सरकार ने लागू की। कांग्रेस के सौतेले बर्ताव ने पिछड़ा वर्ग को दशकों तक दबाए रखा। पिछड़ा वर्ग कभी भी कांग्रेस को माफ नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने पिछड़ा वर्ग में नई चेतना का संचार किया है। उसके कारण गांधी परिवार और कांग्रेस को पिछड़ा वर्ग की याद आ रही है।

सैनिक स्कूल अमेठी में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

अमेठी/ब्यूरो। शनिवार को सैनिक स्कूल अमेठी ने 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों के अद्वितीय पराक्रम, साहस और बलिदान को सम्मान देते हुए 26 जुलाई 2025 को कारगिल विजय दिवस का गौरवपूर्ण स्मरण किया। इस अवसर पर देशभक्ति की भावना, चिंतनशील मौन और सम्मानित सैन्य नेताओं के प्रेरक शब्दों का उच्चारण छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया।विद्यालय के इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एआरओ अमेठी के भर्ती निदेशक कर्नल सुनील कुमार मोर का स्वागत करने का गौरव प्राप्त हुआ। दो दशकों से अधिक की सेवा के साथ भारतीय सेना के एक प्रतिष्ठित अधिकारी कर्नल मोर ने नेतृत्व, बलिदान और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य पर अपने विचार साझा किए। अपने प्रेरक संबोधन में, उन्होंने युवा कैडेटों को अनुशासन, साहस और निस्वार्थ सेवा के मूल्यों को बनाए रखने की उनकी ज़िम्मेदारी की याद दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल सतवीर सिंह ने की, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी सुधीर जाखड़ भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रभारी संस्कृत अध्यापक ने कैडेटों को कारगिल के वीरों से प्रेरणा लेने और जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। सैन्य छात्रझ्रछात्राओं ने भी कविता, वीर शहीदों के जीवनी व कारगिल दिवस से संबंधित विचारों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता खुकरी सदन को प्रथम पुरस्कार व उपझ्रविजेता सदन को द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने देशभक्ति, गौरव और उद्देश्य का एक सशक्त संदेश दिया।

शेरगढ़ यमुना पुल बंद होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त

औरैया/ब्यूरो। औरैया-जालौन को जोड़ने वाला शेरगढ़ यमुना पुल अचानक बंद होने से दोनों जिलों के हजारों लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर भारी असर पड़ा है। इस पुल के बंद हो जाने से स्कूली छात्र-छात्राएं, मरीज, किसान, व्यापारी और नौकरीपेशा लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शेरगढ़ घाट पर स्थित यह पुल औरैया व जालौन जिलों की सीमाओं को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जो आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों के लिए जीवनरेखा की तरह था। अब पुल के पूरी तरह बंद हो जाने से लोगों को वैकल्पिक रास्तों से 20 से 80 किलोमीटर तक का अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है।

हमीरपुर में गधों के झुंड ने मासूम को रौंदा, मौत

घर के बाहर खेल रहा था मासूम

हमीरपुर/ब्यूरो। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में आवारा कुत्तों के आतंक के बाद अब बड़ी संख्या में सड़कों पर घूम रहे गधे के झुंड लोगों की जान की दुश्मन बन गए है। हां हमीरपुर शहर में गधे के झुंड में एक मासूम फंस गया जिसे गधे के झुंड रौंदते हुए निकल गए। गंभीर रूप से घायल मासूम को इलाज के लिए कानपुर हैलट ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। शनिवार को मासूम के शव को सड़क पर रखकर परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। मौके पर पहुंची पुलिस के समझाने के बाद परिजनों ने जाम हटाया।
हमीरपुर नगर के कजियाना मोहाल के रहने वाले विनेश निषाद दिव्यांग है। इसका मासूम बेटा सागर (११)

पिछले दिनों घर के बाहर खेल रहा था तभी अचानक गधों का झुंड उसे रौंदते हुए निकल गया। गंभीर रूप से घायल मासूम को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत नाजुक होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया था। कानपुर में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। शनिवार को मासूम के शव को कालपी चौराहा के पास हमीरपुर-कालपी स्टेट हाइवे में रखकर परिजनों ने जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया। शहर कोतवाली राकेश कुमार ने बताया कि खच्चरों (गधा) का झुंड कजियाना मोहाल की सड़क से निकल रहा था तभी यह मासूम गधों के झुंड की चपेट में आ गया।
गधे की ठोकर से मासूम बुरी तरह घायल हो गया था। बताया कि कानपुर में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। वहां इसके शव का पोस्टमार्टम पुलिस ने कराया है। आज शनिवार को मासूम के शव को अंतिम संस्कार करने परिजन घर से निकले थे तभी कालपी चौराहा के पास परिजनों ने जाम लगा दिया। समझाने के बाद परिजनों ने बच्चे के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। परिजनों ने बताया कि नगर के हर कोने में गधे के झुंड घमाचौकड़ी करते हैं। जिससे आम लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।

जहरीले जंतु के काटने से बालिका की मौत

अमेठी/ब्यूरो। उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में गौरीगंज तहसील क्षेत्र के हरगांव में एक बालिका को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार जामों थाना क्षेत्र अंतर्गत मुराइन का पुरवा मजरे हरगांव निवासी शिवकुमार मौर्य की पुत्री सलोनी (12) शुक्रवार की रात घर में काम कर रही थी। तभी उसे किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। परिजन तत्काल उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया ।

फूलन बनना पड़ेगा तभी मिलेगा न्याय: विशंभर निषाद

क्रासर:वीरांगना फूलन देवी के शहादत दिवस पर सपाईयों ने मनाया

बांदा/ब्यूरो। वीरांगना फूलन देवी के शहादत दिवस पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। जिला मुख्यालय पर आयोजित सभा में सपा जिला अध्यक्ष डा. मधुसूदन कुशवाहा ने कहा कि फूलन देवी को मुलायम सिंह यादव ने जेल से निकालकर लोकसभा तक पहुंचाया, जबकि भाजपा शासन में वीआईपी इलाकों में उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने जनता से सवाल किया कि ष्सोचिए, आपके साथ कौन है और कौन दिखावा कर रहा है?ष् सभा के मुख्य अतिथि राष्ट्रीट महासचिव समाज वादी पार्टी के पूर्व सांसद/पूर्व मंत्री/ विशंभर प्रसाद निषाद ने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर हमला बोलते हुए

कहा, ष्देश और प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार चरम पर हैं।ष् उन्होंने कहा कि फूलन देवी पढ़ी-लिखी नहीं थीं, फिर भी उन्होंने हर बेटी के पढ़ने की कामना की थी, लेकिन आज की सरकार शिक्षा के मंदिरों को बंद कर-के मधुशालाएं खोल रही है ताकि गरीबों के बच्चे आगे न बढ़ सकें।
उन्होंने कहा, ष्अब न्याय के लिए फिर से फूलन देवी बनना पड़ेगा। त्रेता में सीता का अपहरण हुआ था, आज बहन-बेटियों पर खुलेआम अत्याचार हो रहा है, पर रावण खुले घूम रहे हैं। सभा में गायत्री प्रजापति, भगवती प्रसाद निषाद ने अपने पति स्व. अखिलेश निषाद की हत्या का मुद्दा भी उठा और उन्हों ने कहा कि सरकार दोषियों को बचा रही है।

हरियाली तीज पर मेहन्दी प्रतियोगिता आयोजित

झुंझुनू। स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में एनएसएस की दोनों इकाइयों की संयुक्त तत्वावधान में हरियाली तीज के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने एक से बढकर एक सुंदर मेहंदी लगाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सना, द्वितीय स्थान पर मुस्कान एवं तृतीय स्थान साहिबा ने प्राप्त किया। संस्थान निदेशक, संस्था सचिव, महाविद्यालय प्राचार्य व एनएसएस प्रभारी ने सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने सभी छात्राओं को हरियाली तीज की बधाई दी और छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्राओं में क्रियाशीलता, सर्जनात्मकता, एकाग्रता एवं मिलकर कार्य करने की क्षमता का विकास होता है एवं हरियाली तीज के पर्व का विशेष महत्व है, यह त्योहार जहां एक ओर मनुष्य को प्रकृति से जोड़ता है, वहीं दूसरी ओर पारिवारिक सुख समृद्धि हेतु भगवान शिव व माता पार्वती की आराधना से जोड़ता है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुमन जानू ने सभी छात्राओं को हरियाली तीज की बधाई दी और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से आपस में एकता का संचार होता है साथ ही हमें अपनी संस्कृति को मजबूत बनाने की इच्छा जागृत होती है। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी पिंकेश, अन्जू सैनी, समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

कड़ाके की ठंड में भी शत्रु के बंकर नष्ट करके रुके झुंझुनू के जवान

झुंझुनू। जिले के मझाऊ निवासी कैप्टन सीताराम धींवा ने बताया कि बिशनपुरा निवासी शीशराम गिल और मैं एक ही बटालियन में शामिल थे। वैसे तो टुकड़ी में काफी जवान थे लेकिन झुंझुनू जिले से हम दोनों ही थे। वो मेरे पीछे वाली टुकड़ी में और मैं आगे वाली में लेकिन फिर भी दुश्मन की ओर से आई गोली शीशराम के सीने में जा लगी। जिससे वे वीर गति को प्राप्त हो गए। साथी जवान शीशराम गिल को नजरों के सामने शहीद होते देखा तो खून खोलने लगा। एक बार तो मैं स्तब्ध रह गया फिर आव देखा न ताव अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि करगिल युद्ध के दौरान वे नायक पद पर 8 जाट रेजीमेंट में थे। ऑपरेशन के दौरान 109 इन्फेंट्री ब्रिगेड में केन्जलवाल में 8 जाट ही नियुक्त थी। धींवा उस कमांडो प्लाटून के हिस्सेदार थे। स्नाइपर राइफल के बेस्ट शूटर होने के करगिल युद्ध में स्पेशल टास्क दिया गया। 7 जुलाई 1999 को दुश्मनों की पोस्ट पर कब्जा करने का हमारी टीम को आदेश मिला। उस दिन वे दुश्मन की पोस्ट के नजदीक रातभर नाले में बर्फ के अंदर छिपे रहे। 8 जुलाई को दिन में पोस्ट की रैकी की तथा रात को मार्च किया। उनके सामने पाकिस्तानी 24 मुजाहिद बटालियन थी। बेस्ट शूटर होने से करगिल युद्ध में स्पेशल टास्क दिया गया था। बर्फबारी के दौरान ही हमने दुश्मनों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी, जिससे दुश्मन पोस्ट छोडकर भाग गए। इसके बाद सैनिक आगे बढ़ते गए तथा 17 हजार फीट ऊंची पहाड़ी पर पहुंच गए। दुश्मनों की बड़ी पोस्ट वहां से केवल 150 फीट दूरी पर ही थी। दुश्मनों ने भी फायरिंग शुरू कर दी गई लेकिन हमारी टीम वहीं बर्फ की ओट में डटकर सामना करती रही। टीम ऊंचाई पर होने तथा दुश्मनों की फायरिंग के कारण हमारा हैडक्वार्टर से सम्पर्क टूट गया था। उस दौरान हमें 9 जुलाई से 14 जुलाई तक खाने के लिए कुछ नहीं मिला। उस दौरान उन्होंने केवल गर्म पानी पीकर ही गुजारा किया। 18 जुलाई को जंग तेज हो गई। उस दौरान दुश्मनों की ओर चढ़ाई करनी शुरू कर दी। पहले सेडल पोस्ट पर कब्जा किया तथा दुश्मन के ऑब्जर्वर को मार गिराया। वहां से आगे बढ़ते हुए शूटर धींवा ने दुश्मन के दो बंकरों को नष्ट किया। इसके बाद सैनिक आगे बढ़ते गए तथा दुश्मनों को मारकर उनकी पोस्ट पर कब्जा करते रहे। 25 जुलाई की रात को वीर सैनिकों ने त्रिशूल पहाड़ी पर पहुंचकर वहां मौजूद दुश्मनों को मार गिराया तथा पाकिस्तान की सभी पोस्ट पर कब्जा कर लिया। जिसके बाद 26 जुलाई 1999 को उसी जगह जीत का तिरंगा फहराया गया। करगिल ऑपरेशन में उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए थल सेना अध्यक्ष ने सैनिक धींवा का सम्मान किया। फरवरी 2013 को सीताराम कैप्टन के पद से सेवानिवृत्त हुए।

आत्मरक्षा का दिया नि:शुल्क प्रशिक्षण

झुंझुनू। योगी स्टेडियम के द्वारा आयोजित हर घर बेटी हो सुरक्षित अभियान के तहत पूजा सोलंकी, प्रियांशी, कोमूदी अग्रवाल, तेजस्वी चौधरी, प्रियदर्शनी लाम्बा ने ताइक्वांडो कोच संगीता योगी के निर्देशन में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आबूसर में आठवीं से लेकर 12वीं तक की कक्षाओं की बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। ब्लैक बेल्ट धारी पूजा सोलंकी ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन और गुड टच बेड टच के बारे में बताया। इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं को जीवन में आने वाली कठिनाइयों के बारे में कैसे बचाव किया जाता है और अपनी आत्मरक्षा कैसे करें इस हेतु छात्राओं को जागरूक करना है। यह प्रशिक्षण प्रत्येक शनिवार को सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में दिया जाता है।

झालावाड़ हादसे पर सर्व समाज ने दी श्रद्धांजलि

झुंझुनू। झालावाड़ जिले के मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी गाँव में स्कूल में दीवार गिरने से घटित असामयिक दर्दनाक घटना में मौत के शिकार हुए बच्चों को सर्व समाज ने अम्बेडकर पार्क में पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में सामाजिक कार्यकर्ता राजेश बजाड़ ने संबोधित करते हुए बताया कि इस घटना से राजस्थान ही नहीं पूरा देश गहरे शोक में है। इस घटना में 7 बच्चों की मौत हो गई व 21 बच्चे घायल हो गए जिनमें 9 बच्चे जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहे हैं। दुर्घटना में मौत के शिकार हुए बच्चों के साथ सर्व समाज खड़ा है। श्रद्धांजलि सभा में मांगीलाल मंगल, महेश जिनगर, जगदीश बरवड़, सुशील सैनी, विनोद गर्वा, दलीप डिग्रवाल, अजय काला आदि मौजूद रहे।

झालावाड़ हादसे के बाद जिला कलक्टर ने दिए स्कूल भवनों की सुरक्षा के एहतियातन निर्देश

जिले में जर्जर स्कूल भवनों के सर्वे और मरम्मत के निर्देश

जिले के प्रत्येक स्कूल का तत्काल कराया जाए गहन सर्वे- श्रीनिधि बी टी

> समस्त अधिकारियों को फील्ड में जाकर स्वयं विद्यालय परिसरों की भौतिक स्थिति का अवलोकन करना चाहिए। भवनों की जांच केवल औपचारिकता नहीं होनी चाहिए.जमीनी हकीकत के आधार पर गहन सर्वे करवाया जाए।

देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 26 जुलाई।

झालावाड़ हादसे के बाद जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने शिक्षा विभाग को स्कूल भवनों की सुरक्षा हेतु एहतियातन निर्देश दिए हैं कि जिले में स्थित स्कूल व अन्य सार्वजनिक भवनों का गहन सर्वे कर जर्जर इमारतों, कक्षों व स्थानों का पता लगाया जाए। उनकी मरम्मत तुरंत करवाई जाए। जो भवन अत्यधिक खराब है, वहां से विद्यार्थियों को दूर रखा जाए। जहां आमजन का आना-जाना ज्यादा रहता है वहां भी इन निदेर्शों की पालना सुनिश्चित की जाए।
जिला कलक्टर ने शुक्रवार को झालावाड़ में घटित विद्यालय भवन हादसे को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस संबंध में शिक्षा विभाग को एहतियातन निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने चर्चा कर जिले में संचालित सभी विद्यालयों की भवन संरचना की सुरक्षा जांच को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुए समस्त विद्यालय परिसरों का गहन सर्वे करवाने के निर्देश दिए हैं। जर्जर, क्षतिग्रस्त अथवा असुरक्षित भवनों को तत्काल प्रभाव से उपयोग के लिए प्रतिबंधित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी विद्यालय के कक्षा कक्ष, शौचालय अथवा अन्य किसी भी भवन का भाग जर्जर, क्षतिग्रस्त अथवा खतरनाक अवस्था में पाया जाए तो उसे तुरंत प्रभाव से विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ के उपयोग के लिए वर्जित कर दिया जाए। उन्होंने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेकर तत्काल प्रभाव से सम्पादित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही विद्यार्थियों की सुरक्षा से खिलवाड़ के समान होगी जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारियों को फील्ड में जाकर स्वयं विद्यालय परिसरों की भौतिक स्थिति का अवलोकन करना चाहिए। भवनों की जांच केवल औपचारिकता नहीं होनी चाहिए. जमीनी हकीकत के आधार पर गहन सर्वे करवाया जाए। इससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सकेगी। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय की भवन स्थिति का निष्पक्ष एवं तकनीकी मूल्यांकन कराया जाए। आवश्यकता होने पर तकनीकी विशेषज्ञों की सहायता ली जाए तथा जिन विद्यालयों में भवन की स्थिति अत्यधिक खराब हो वहां वैकल्पिक स्थानों या भवनों में शिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिले में असुरक्षित भवनों के उपयोग पर तत्काल रोक विशेष टीमों द्वारा 5 दिवस में विभागीय भवनों का निरीक्षण अनिवार्य

जर्जर भवनों की मरम्मत हेतु जल्द करे प्रस्ताव तैयार-जिला कलक्टर

सुरज वर्मा
शाहपुरा/भीलवाडा जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों को आदेशित किया है कि आगामी 5 दिवसों में समस्त विद्यालयो,आंगनबाड़ियों सहित समस्त राजकीय विभागों के भवनों का विशेष टीम बनाकर सघन निरीक्षण करें तथा जो भवन असुरक्षित, जर्जर या क्षतिग्रस्त स्थिति में पाए जाएं, उनका उपयोग तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए।
ज़िला कलेक्टर कलक्टर ने निर्देश दिए कि
ऐसे भवनों का उपयोग बंद कर विभागीय स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, मरम्मत योग्य भवनों की मरम्मत हेतु समुचित प्रस्ताव तैयार कर संबंधित विभाग को प्रेषित करते हुए इसकी सूचना जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय को अनिवार्य रूप से भेजी जाए।
ज़िला कलेक्टर संधू ने यह भी स्पष्ट कहां कि
किसी भी स्थिति में बच्चों, कर्मचारियों अथवा आमजन के उपयोग के लिए असुरक्षित भवनों का उपयोग नहीं किया जाए। संबंधित अधिकारियों को तत्काल निदेर्शों की अनुपालना सुनिश्चित करनी होगी,
अन्यथा लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बिजली विभाग द्वारा कही बार सूचना देने के बाद भी नही हटाई 11 हजार वोल्टेज लाईन, हादसा होने का इंतजार

सुरज वर्मा
भीलवाडा ज़िले के मांडलगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत महुआ का मामला सामने आया जहां बिजली विभाग की घोर लापरवाही दिखाई दे रही है पीड़ित व्यक्ती के द्वारा कई बार शिकायत देने के बावजूद बिजली विभाग व ज़िला प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा हैं पीड़ित व्यक्ती ने बताया कि बैरवा मोहल्ला में लगे 11 हजार वोल्टेज लाइन आबादी क्षेत्र में लगी हुई हैं। आज वही पर बैरवा समाज के परिवारों को हादसा का डर दिन रात सता रहा हैं कई परिवार में अनहोनी न हों जाए इतना ही नहीं ये वो ही मकान है जो कुछ दिनों पहले हरपुरा ग्रिड में काम करता था। पीड़ित व्यक्ती सत्यनारायण बेरवा के दोनों हाथ कट गए हैं थे जिसके बावजूद पीड़ित व्यक्ती व उनके परिवार वालों को आज दिन तक ज़िला प्रशासन व राज्य सरकार से कोई आर्थिक सहायता और न्याय नहीं मिला है आज तक सत्यनारायण बैरवा आज भी दोनों हाथ कटने के बावजूद परिवार के पालन पोषण के लिए आर्थिक सहायता व न्याय की आस लगा कर बैठा है किन्तु आज तक ज़िला प्रशासन व बिजली विभाग और सरकार के द्वारा कोई सहयता प्रदान नहीं की गई उल्टा आज उनका परिवार दर दर की ठोकरें खा रहा है। बिजली विभाग के कोई ठेकेदार ने कही दिनों पहले रंजित बैरवा से पैसे भी ले लिए हैं बिजली विभाग के अधिकारी आए तो उसने 45000रुपए का डिमांड लगेगा ऐसे कह कर चले गए। इतनी बड़ी रकम देने पर परिवार अभी खाने के लाले पड़ रहे हैं स्थानीय भीम आर्मी अध्यक्ष दुर्गा लाल ने द्वारा ज़िला प्रशासन व बिजली विभाग द्वारा मांग करते हैं की समय रहते हुए। समस्या का समाधान करे ताकि गंभीर व बड़ी घटना ना हो

ज़िला प्रशासन और बिजली विभाग पर सवाल खड़े करता है की ऐसा ही एक मामला आज के कुछ समय पहले
अजमेर जिले के सावर तहसील बसुंदनी गांव की घटना मे बिजली विभाग की लापरवाही के कारण लाईन की चपेट में चार जनों को मौत हुईं थीं तब जाकर प्रशासन जागा था
सवाल क्या ज़िला प्रशासन व बिजली विभाग कोई हादसे का इंतजार कर रहा है क्या प्रशासन की लापरवाही जायज है आखिर पीड़ित व्यक्ती व जनता न्याय के लिए जाए तो कहां जाए क्या ऐसी समस्याओ का समाधान होगा या नहीं

सीतसर बालाजी धाम में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों 2 अगस्त से

झुंझुनू। सीतसर बालाजी धाम में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का 2 अगस्त से आयोजन किया जायेगा। पुजारी महावीर प्रसाद जी पारीक ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास में 2 अगस्त को सांयकाल सवा 7 बजे से रूद्राभिषेक किया जाएगा एवं 3 अगस्त को रात्रि में भव्य भजन संध्या व भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सुनिल शर्मा म्यूजिकल ग्रुप-सूरजगढ़, विजय राजपूत हरियाणा, दिनेश सागवान हरियाणा वाले भजनों की रंगारंग प्रस्तुतियाँ देगे। वहीं कार्यक्रम के मुख्य आकर्षक अखण्ड ज्योत, अलौकिक श्रृंगार एवं छप्पन भोग होगें। कार्यक्रम के आयोजक भक्तगण व समस्त ग्रामवासी सीतसर रहेंगे। साथ ही मंदिर के पुजारी महावीर प्रसाद पारीक ने बाबा भोलेनाथ एवं बालाजी महाराज के सभी भक्तों से कहा की सभी बाबा के प्रेमियों से करबद्ध प्रार्थना हैं कि अधिक से अधिक संख्या में बाबा के दरबार में पधारे और इन धार्मिक कार्यक्रमों का हिस्सा बने और बाबा भोलेनाथ व बालाजी महाराज के आशीर्वाद एवं प्रेमपात्र बने। इस अवसर पर बजरंग लाल पारीक, राजू, राधेश्याम भीमसर, संदीप कुमावत सीतसर, नथु कुमावत सीतसर, संजय शर्मा बालाजी प्रेस सीतसर, संदीप माथुर जयपुर, विकाश मील रिको, रामनिवास दुराना, विश्वंभर सैनी कासिमपुरा, अभिषेक सैनी, जयंत सोनी, रोहत सैन, निखिल सैन, पंकज पारीक, निशांत पारीक, अनुराग पारीक, गौरव पारीक, तनुजा पारीक, अल्का पारीक, सोनू पारीक, मोनू पारीक, भक्तगण एवं समस्त ग्रामवासी सीतसर आदि उपस्थित रहे।

हरियालो राजस्थान महोत्सव के तहत इंदिरा हैप्पी स्कूल खैरथल में पौधारोपण किया गया

खैरथल संवाददाता अमित शर्मा
खैरथल
इंदिरा हैप्पी स्कूल खैरथल के प्रांगण में छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा हरियाली महोत्सव के तहत पौधारोपण किया गया बच्चों ने ग्रुप बनाकर पौधारोपण किया वह उन पौधों की देखभाल करने की जिम्मेदारी ली विद्यालय की फाउंडर श्रीमती इंद्रपाल खुराना ने पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया प्राचार्य डॉक्टर ज्योति स्कूल निदेशक पंकज खुराना ने सभी बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया कार्यक्रम में पूनम चांदनी प्रियंका दिशा बजाज मंजू गुप्ता रेनू शर्मा ममता गुप्ता पूजा सेन मोनिका कनानी मोना चंदवानी आदि अध्यापिकाओं ने पौधारोपण किया

कारगिल विजय दिवस पर वृक्षारोपण कर महाअभियान की हुई शुरूआत

संपूर्ण प्रदेश में 10 लाख से अधिक पेड़ लगाए जाएंगे

जयपुर गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के द्वारा कारगिल विजय दिवस पर वृक्षारोपण महा अभियान की शुरूआत प्रदेश कार्यालय गौड ब्राह्मण समाज उपयोगी भवन भगवान परशुराम परिसर सेक्टर 4 विद्याधर नगर जयपुर में की गई अभियान की शुरूआत गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट भगवान परशुराम परिसर के प्रभारी पूर्व इनकम टैक्स कमिश्नर एसके शर्मा प्रदेश कार्यालय मंत्री राम मोहन शर्मा अभियान के जयपुर संयोजक आशुतोष शर्मा जोधराज शर्मा तनिष्क शर्मा निलेश शर्मा अभिषेक शर्मा मनीष शर्मा विश्वास शर्मा अरविंद शर्मा कृष्णकांत शर्मा हरि शर्मामयंक शर्मा गजानन शर्मा पंकज शर्मा इंद्र शर्मा सहित 50से अधिक युवाओं ने अशोक जामुन पीपल आम नीम गुलमोहर सहित 100 से अधिक किस्म के पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष विजय हरितवाल ने संपूर्ण प्रदेश में 10 लाख से अधिक पेड़ लगाने का लक्ष्य प्रदेश जिला व तहसील कार्यकारिणी को दिया है गौड़ ब्राह्मण महासभा ने हमेशा सामाजिक उत्थान व सरोकारों को निभाने संकल्प रखा है महासभा के प्रदेश कार्यालय को प्लास्टिक मुक्त किया गया है प्रदेश कार्यालय में प्लास्टिक या उससे निर्मित किसी भी वस्तु का प्रयोग वर्जित है अभियान की शुरूआत सर्वप्रथम भारत माता की जय,जय हिंद,जय भारत के उद्घोष के साथ शुरू की गई कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में इस अभियान से सामाजिक समरसता व शक्ति की पूजा करना एवं शक्ति को पर्यावरण से जोड़ने की शुरूआत है युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने बताया कि संपूर्ण प्रदेश में 10 लाख पेड़ों को लगाने का लक्ष्य एक माह में पूर्ण किया जाएगा एवं राजस्थान के सभी जिला व तहसील स्तर पर इस अभियान की आज से शुरूआत की गई है

वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

झुंझुनू। नाबार्ड के सहयोग से गांव के आईटी केंद्र में राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा बुगाला द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर लगाया गया। अध्यक्षता अग्रणी जिला प्रबंधक गोपाल प्रसाद ने की। शाखा प्रबंधक मनीष कुमार, हैड कैशियर भवानीसिंह, राजवीर सिंह (एफएलसी), ग्रामसेवक कुलदीप सिंह, पीटीआई विक्रम सिंह, प्रशासक आनन्द बुगालिया, मनोज कुमार सहित राजीविका व आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने भाग लिया। शाखा प्रबंधक मनीष ने उपस्थित लोगों को सरकार की अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना आदि की जानकारी दी तथा इनसे मिलने वाले भविष्यगत लाभों को समझाया। साथ ही साइबर फ्रॉड से बचाव, साइबर अपराध की पहचान एवं 1930 हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से त्वरित शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में नए खाते भी खोले गए तथा केवाईसी अपडेट किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को वित्तीय रूप से सशक्त और जागरूक बनाना था ताकि वे सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें।

योद्धा ग्रुप ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

झुंझुनू। 26 वें कारगिल विजय दिवस पर योद्धा ग्रुप सौन्थली के योद्धाओ ने गांव के शहीद दिनेश पूनिया व ओमप्रकाश जाखड़ को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दोनों जगह शहीद स्मारको पर पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया। उनकी याद में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर गांव के सभी योद्धाओं ने भाग लिया। ग्रुप अध्यक्ष दिलीप कुमार मूंड ने युवाओं को शहीदों से प्रेरणा लेते हुए हमेशा देश व समाज सेवा में आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आग्रह किया कि हर गांव में इस तरह का ग्रुप बनाया जाए ताकि शहीदों को इस प्रकार के अवसरों पर याद किया जा सके। इस कार्यक्रम में सेवारत और सेवानिवृत योद्धा शामिल रहे।

झुंझुनू जिला ताइक्वांडो टीम अलवर रवाना

झुंझुनू। स्पोर्ट्स जॉन एकेडमी से स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए अलवर परशुराम इंडोर हाल में दो दिवसीय 26 व 27 जुलाई को खिलाड़ी भाग लेंगे। बगड़ स्पोर्ट्स जॉन एकेडमी डायरेक्टर राकेश सैनी ने बताया कि झुंझुनू जिले से 60 ताइक्वांडो खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें छात्र व छात्रा दोनों भाग ले रहे हैं। राकेश सैनी ने बताया कि हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं, हमें अपनी हार-जीत को न देखकर उस जज्बे को देखते हुए खेलना चाहिए जो हमारे माता-पिता और प्रशिक्षकों ने हमारे भीतर पैदा किया और यही जज्बा मैं अपनी एकेडमी के हर खिलाड़ी में देखना चाहता हूं। इसी उम्मीद और भरोसे से मेरे सभी खिलाड़ी मेरी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। जिला ताइक्वांडो टीम को सुनील श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला टीम कोच रिंकू सैनी, महिला टीम कोच नीलम सैनी, नितिन राठौड़, डॉ जिसी शर्मा, आरोही, वेदिक, उमेद पूनिया, पावरलिफ्टिंग कोच अंकित, नेटबॉल कोच अरविंद, झुंझुनू वीर सेवा से धर्मवीर झाझडि?ा, रजनीकांत शर्मा, एकेडमी के अकाउंटेंट पूनम कुमावत, क्रिकेट कोच निखिल सैनी, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्लेयर मुस्कान भारद्वाज मौजूद रहे।

तीज मेले 2025 का शुभारम्भ

झुंझुनू। जाखल में तीज मेला महोत्सव 2025 का शुभारंभ शनिवार को गणेश पूजन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक विक्रम सिंह जाखल ने विधिवत पूजन कर मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने दीप प्रज्वलन एवं रिबन काटकर मेले के सांस्कृतिक द्वार को जनसाधारण के लिए खोलते हुए कहा कि तीज जैसे पारंपरिक मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत के जीवंत प्रतीक हैं। जाखल का यह आयोजन क्षेत्र की सामाजिक एकता, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण का उत्सव है। ऐसे मेलों में नई पीढ़ी को हमारी परंपराओं से जुड? का अवसर मिलता है। मेला अध्यक्ष शिंभू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला क्षेत्र की संपूर्ण सजावट, सुरक्षा, मनोरंजन, झूले, खानपान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की सभी तैयारियां पूर्ण हैं। स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों के सहयोग से यह आयोजन हर वर्ष की तरह भव्यता से संपन्न हो रहा है। मेले में बच्चों और महिलाओं के लिए अनेक प्रकार के झूले, मिठाइयों की दुकानें, हस्तशिल्प उत्पाद, मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। साथ ही मेला कमेटी द्वारा स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त वातावरण एवं सुरक्षित मेला संचालन के विशेष निर्देश दिए गए हैं। इस दौरानप्रताप सिंह मूंड, मामराज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, युवा, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

बस की ठोकर से बाइक महिला की मौत घटना स्थल, बाइक चालक हुए जख्मी

देश का दर्पण न्यूज संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से

वैशाली जिले अन्तर्गत कटहरा थाना क्षेत्र के महुआ - मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग में करौना चौक के हाट के समीप बस की ठोकर से बाइक सवार एक महिला की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बस ठोकर मारने बाद भी रूकी नहीं। बल्कि महुआ की तरफ तेज गति से फरार हो गया। जख्मी बाइक चालक का इलाज के लिए सीएचसी तालसेहान भर्ती कराया गया है। जख्मी इलाज कराके घर जाने की बात चिकित्सक द्वारा कहीं गयी है। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गयी। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। २ मौत की सूचना पर जुटे आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब डेढ़ घंटे सड़क जाम रखी। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कटहरा थानाध्यक्ष हेमन्त कुमार, अन्य पुलिस पदाधिकारियों के सहयोग में लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम खुलवाया गया। वहीं शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेजा। मृतिका के बारे में बताया गया है कि कटहरा थाना क्षेत्र के कैला जलालपुर गांव निवासी संजीत राय की पत्नी 41 वर्षीय सरिता देवी थी।मृतिका सरिता देवी के तीन पुत्र है। वहीं जख्मी बाइक चालक के बारे में बताया है कि महुआ थाना क्षेत्र के हरपुर बेलवा गांव निवासी धनेश्वर पासवान के पुत्र गोलु पासवान बताया गया है। घटनास्थल के बगल गांव मथनामाल के तुफानी पासवान का नाती गोलू पासवान बताया जा रहा था। इस मामले में कटहरा थानाध्यक्ष हेमन्त कुमार ने बताया कि घटना से संबंधित कोई आवेदन पत्र नहीं मिला है। आवेदन मिलते ही कारवाई में पुलिस जुट जायेंगे।

नेपाली महिला भारतीय पुरुष तस्कर से 12 बोरी खाद जो भारत से नेपाल ई रिक्शा से लिए जा रहे थे शस्त्र सीमा बल और पुलिस की सयुंक्त कारवाई मे पकड़ा

बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट

नवाबगंज बहराइच शनिवार को दस बजे एस एस बी संतलिया एवं सीमा चौकी जानकी गाँव द्वारा नवाबगंज पुलिस के साथ एक संयुक्त गश्त किया गया। संयुक्त गश्त में शस्त्र सीमा बल. की तरफ से सहायक उप निरिक्षक शाम लाल,सहायक उप निरिक्षक जतिन चंद ब्रह्मा, मुख्य आरक्षी शौकत अहमद मीर, आरक्षी दुर्गेश कुमार, आरक्षी महिला रीना यादव और आरक्षी महिला दीपा कलिता व पुलिस की संयुक्त गश्त टीम में संतलिया पुलिस चौकी के उप निरीक्षक दिलीप कुमार उपाध्याय, आरक्षी विनोद कुमार, आरक्षी धीरज चौधरी ने गश्त के दौरान करते सीमा स्तम्भ संख्या 646 से 50 मीटर भारत की तरफ एक ई-रिक्शा दिखाई दिया जो कि बोरियों से लदा हुआ था एवं भारत से नेपाल की तरफ जा रहा था। जिसमे दो व्यक्ति "एक पुरुष और एक महिला" बैठे थे जिन्हें मौके पर संयुक्त गश्त पार्टी द्वारा रोका गया तथा रोककर पूछा गया कि इन बोरियों में क्या है और इसे लेकर कहाँ जा रहे हो तो रिक्शा चालक ने मौके से भागने की कोशिश की जिसे संयुक्त गश्त टीम द्वारा पकड़ लिया गया। दोनों व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि खाद की बोरियों को वे भारत से नेपाल लेकर जा रहे थे। सख्ती से पूछने पर उन्होंने बताया कि उन दोनों ने कुछ बोरिया नो मेंस लेंड से 10 मीटर भारत की तरफ झाड़ियों में डंप भी कर रखी है जिसे वो दोनों नेपाल में लेकर जा रहे थे, जिसे संयुक्त गश्त टीम के द्वारा झाड़ियों से बरामद कर लिया गया।

सहायक उप निरिक्षक शाम लाल ने बताया कि मौके से एक ई रिक्शा और कुल 12 बोरी खाद (03 बोरी बैटरी रिक्शा में एवं 09 बोरी झाड़ियो से) बरामद कर जब्त किया गया। पकडे गए व्यक्तियों ने अपना नाम मुरली, ग्रामः सिरसिया,थाना नवाबगंज बहराइच, रामावती सोनी ग्रामः खडैचा, थानाः नेपालगंज जनपदः बांके (नेपाल) पकड़े गए नेपाली महिला व भारतीय पुरुष को न्यायिक हिरासत में भेजा गया तथा पकडी गई खाद जब्त कर नानपारा कस्टम विभाग के सुपुर्द किया गया।

कारगिल विजय दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन, पूर्व मंत्री धर्मवीर धीरज गुर्जर, विधानसभा प्रत्याशी नरेंद्र रेगर रहे मुख्य अतिथि

सुरज वर्मा

शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के दौलतपूरा गांव में कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव श्री धर्मवीर धीरज गुर्जर (मेवाड़ के लोकप्रिय नेता) विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आयोजन कामधेनु सेना, गौ भक्तों, सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन तथा स्थानीय ग्रामवासियों व आमजन के सहयोग से किया गया। पूर्व मंत्री धर्मवीर धीरज गुर्जर ने भारत माता के जयकारे लगाए और अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि "शहीदों की कुबार्नी को कभी भुलाया नहीं जा सकता, ऐसे अवसरों पर जनसेवा के माध्यम से उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जा सकती है।" उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और अधिक से अधिक युवाओं को ऐसे शिविरों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विधानसभा प्रत्याशी नरेन्द्र रैगर, ब्लॉक अध्यक्ष महावीर कुमावत शाहपुरा, कैलाश फामडा, सत्तू चाड (मांडलगढ़) सहित कई स्थानीय नेता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

स्कूल,छात्रावास,कॉलेज, राजकीय भवनों, सड़कों एवं पुलियाओं की सुरक्षा समीक्षा के लिए स्थायी समितियों का गठन

देश का दर्पण न्यूज
संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार ने राजकीय स्कूलों, छात्रावासों, कॉलेजों, चिकित्सा भवनों, अन्य राजकीय भवनों, सड़कों व पुलियाओं की सुरक्षा समीक्षा के लिए विशेष स्थायी समितियां गठित की है। ये समितियां प्रत्येक वर्ष 15 जून से पहले असुरक्षित भवनों एवं पुलों का मरम्मत कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करेगी। मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने इन समितियों के गठन के संबंध में आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने शुक्रवार को पीपलोदी हादसे के तुरंत बाद एक उच्चस्तरीय बैठक ली थी। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निदेर्शों की अनुपालना में राजकीय भवनों की सुरक्षा आकलन एवं विशेष मरम्मत के लिए राज्य स्तर पर स्थायी समिति का गठन किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग होंगे। इसके साथ ही अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा अथवा प्रतिनिधि संयुक्त शासन सचिव स्तर, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण एवं पंचायती राज अथवा प्रतिनिधि संयुक्त शासन सचिव स्तर, प्रमुख शासन सचिव ऊर्जा विभाग, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन, शासन सचिव शिक्षा विभाग, शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग, शासन सचिव कृषि विभाग एवं वित्त विभाग के प्रतिनिधि इस समिति के सदस्य होंगे।

सरकारी भवनों की सुरक्षा जांच, ऑडिट और मरम्मत करवायेगी समिति

यह समिति राज्य के सभी स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, कार्यालय, सडकों एवं पुलों का समयबद्ध सुरक्षा अंकेक्षण करवाने, जर्जर एवं असुरक्षित भवनों का चिन्हिकरण कर ध्वस्त कराने, असुरक्षित भवनों की विशेष मरम्मत हेतु तकमीना तैयार करवाने एवं वित्त उपलब्ध कराने से संबंधित समीक्षा कर दिशा-निर्देश देगी। साथ ही यह समिति विशेष मरम्मत हेतु प्रत्येक वर्ष वित्तीय एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराने तथा प्रतिवर्ष जून माह से पूर्व सभी राजकीय भवनों की मरम्मत कर सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी समीक्षा करेगी। यह समिति राजकीय भवनों की सुरक्षा एवं जनहानि रोकने के लिए किये जा रहे प्रयासों एवं निदेर्शों की प्रतिमाह समीक्षा भी करेगी।

जिला स्तर पर भी स्थायी समिति गठित

इसी प्रकार जिला स्तर पर भी स्थायी समिति का गठन किया गया है, जिसमें जिला कलक्टर अध्यक्ष होंगे। समिति में सदस्य के रूप में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण निगम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला कलक्टर द्वारा नामित अन्य आमंत्रित अधिकारी शामिल होंगे। यह समिति सभी विभागों से समन्वय करते हुये उपखण्ड स्तर पर आवश्यकतानुसार कमेटी बनाकर असुरक्षित भवनों, क्षतिग्रस्त सड़क एवं असुरक्षित पुलों की सुरक्षा अंकेक्षण रिपोर्ट तैयार करेगी। साथ ही, वषार्काल में बिजली करंट, बाढ मे डूबने, क्षतिग्रस्त भवनों, सडकों, रपट, पुलियाओं एवं जलभराव इत्यादि के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर अनुपालना करवाएगी एवं जर्जर भवनों एव संरचनाओं को असुरक्षित घोषित कर उन्हें ध्वस्त करवाना सुनिश्चित करेगी।

राजधानी जयपुर में 27-28 जुलाई को भव्य तीज महोत्सव

(उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दी शुभकामनाएं)

देश का दर्पण न्यूज
सुरेन्द्र कुमार सोनी

राजस्थान की राजधानी जयपुर एक बार फिर पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर होने जा रही है 27 और 28 जुलाई को तीज महोत्सव की भव्य शोभायात्रा और सांस्कृतिक आयोजन आयोजित किए जाएंगे इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज सभी प्रदेशवासियों को तीज की शुभकामनाएं दीं उन्होंने कहा,

हतीज महिलाओं का विशेष त्योहार है, जो परंपरा, श्रद्धा और उत्सव का संगम है सभी नागरिकों को आमंत्रण है कि वे इस भव्य आयोजन में भाग लें। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार तीज महोत्सव में कई खास आयोजन किए जा रहे हैं पहली बार छोटी चौपड़ पर तीज माता की सवारी के दौरान महाआरती का आयोजन किया जाएगा सुरक्षा को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है सभी मार्गों और प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। संबंधित अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

शाही सवारी और सांस्कृतिक आयोजन

राज्य पर्यटन विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार राजसी शोभायात्रा तीज माता की पालकी के साथ सिटी पैलेस (जनानी ड्योढ़ी) से शुरू होकर त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, बड़ी चौपड़, गंगौरी बाजार होते हुए तालकटोरा तक पहुंचेगी सवारी में ऊंट, बैलगाड़ियाँ, बग्घियाँ, नर्तक दल, लोक कलाकार, और पारंपरिक राजस्थानी वाद्य यंत्रों के साथ हजारों लोग भाग लेंगे।

पोंड्रिक पार्क, तालकटोरा झील पर लगेगा जिसमें विभिन्न जिलों के शिल्पकार अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे।राजस्थानी व्यंजन, हस्तशिल्प, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण रहेंगे यह बाजार दोनों दिन दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। यह महोत्सव न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत, लोक कलाओं और महिला शक्ति का उत्सव भी है देश-विदेश से आने वाले पर्यटक भी इसका हिस्सा बनेंगे।

कारगिल विजय दिवस मनाया

झुंझुनू। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस रैली का आयोजन किया गया। रैली को सीओ स्काउट महेश कालावत एवं जिला उप प्रधान नाहर सिंह गिल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली स्काउट कार्यालय से होते हुए कारुंडीया रोड, एसबीबीजे बैंक, गांधी पार्क, मोदी रोड, कुमावत बस्ती, हरिजन बस्ती होते हुए स्काउट कार्यालय पहुंची। इस दौरान उपस्थित स्काउट्स को संबोधित करते हुए सीओ स्काउट महेश कालावत ने कहा कि हमें शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र के लिए सुयोग्य नागरिक बनते हुए देश की एकता, अखंडता और अक्षुण्णता को बनाए रखने हेतु अपना सर्वस्व योगदान देना चाहिए। कालावत कहा कि पाकिस्तान पर भारत ने कारगिल युद्ध में विजय प्राप्त की थी और दुश्मन देश को मार भगाया था। इस दौरान हमारे भारतीय योद्धा भी शहीद हो गए थे उनकी शहादत को नमन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने हेतु आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के 350 से अधिक स्काउट्स ने कारगिल विजय दिवस रैली में भाग लिया। सभी के हाथों में तिरंगे देखकर हर कोई शाबाशी दे रहा था कि हमारे देश का भविष्य उज्ज्वल है।

स्काउट्स बड़े जोश और खरोश के साथ भारत माता एवं अमर शहीदों के नारे लगाते हुए रैली में भाग ले रहे थे। इस अवसर पर धर्मपाल सिंह, निरंजन लाल शर्मा, मनोज शर्मा, कुलदीप, रामदेव सिंह गढ़वाल, जयपाल सिंह, सुनील कुमार, जितेंद्र तंवर, विकास कुमार, जीताराम, हिम्मत सिंह, महेंद्र कुमार सैनी, रामाकिशन सैनी, विक्की कुमार, मुन्ना राजोरा, नरेश रोहिल्ला, कविराज, नरेश कुमार, हरिराम मोरवाल, जय सिंह जानू सहित सैकड़ों की संख्या में स्काउट्स उपस्थित रहे।

पुलिस थाना जोबनेर, रेनवाल व कालाडेरा का औपचारिक निरीक्षण किया

आज दिनांक 26.07.2025 को पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस द्वारा पुलिस थाना जोबनेर, रेनवाल व कालाडेरा का औपचारिक निरीक्षण किया गया। थानों की मैस, हवालात ,मालखाना व अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई हेतु निर्देश दिए गए।

एसपी साहब को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

अनियंत्रित मोटरसाइकिल की ठोकर से साइकिल सवार छात्रा की मौत विरोध में सड़क जाम

देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार

पातेपुर थाना क्षेत्र के बाजितपुर करतार में मोटर साइकिल के लहेरिया कट से छात्र की हुई मौत । मौके पर आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को किया जाम। छात्र अपने साइकिल से कोचिंग जा रहा था। वहीं विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार से गांव के ही मोटर साइकिल चालक ने छात्र को रौंद दिया। छात्र का घटना स्थल पर ही मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों ने एस. एच .49 पर रखकर जाम कर दिया। लगातार तीन घंटों तक सड़क पर शव रखकर दोषी को सजा एवं मुआवजा राशि की मांग कर रहे थें। ग्रामीणों ने मोटर साइकिल चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दी है।वहीं मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष और सी ओ ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने हाजीपुर भेज दिया। स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मिलकर मामले को ग्रामीण स्तर पर सुलझाने में लगे हुए हैं।

मिली जानकारी अनुसार पातेपुर थाना क्षेत्र शनिवार को साईकिल से कोचिंग जा रहे तेज रफ्तार की मोटर साइकिल चालक ने छात्र को रौंद डाला। मोटर साइकिल के चपेट में आते ही छात्र घटना स्थल पर ही मौत हो गई।ग्रामीणों ने बताया कि गाड़ी इतनी तेज थी कि घटना के बाद बहुत दूर तक आवाज सुनाई दी। आक्रोशित ग्रामीणों ने मोटर साइकिल चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। मृतक की पहचान पातेपुर थाना क्षेत्र देवचन्द्र पासवान के 16वर्षीय पुत्र धर्मवीर कुमार के रूप में किया गया है। धर्मवीर अपने साइकिल से स्कूल जा रहा था। मौके पर आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को बाजितपुर शिव मंदिर के पास ताजपुर महुआ मुख्य मार्ग पर रखकर मुआवजा और मोटर साइकिल चालक की सजा की मांग कर रहे थें। सुबह 11बजे से दो बजे तक जाम रखा था। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार और सी ओ प्रभात कुमार, स्थानीय जनप्रतिनिधि समाजसेवियों के पहल पर आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर जाम खुलवाई गई। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने हाजीपुर भेज दिया है।बता दें धर्मवीर पांच बहन के इकलौता भाई था। पढ़ाई लिखाई में काफी तेज था। वही लोगों का चित्र के साथ देवी देवताओं का प्रतिमा बनाने में कलाकारी करता था।

जानलेवा -हमलावार ने किया प्रिंसिपल पर हमला

देश का दर्पण.दैनिक अखबार पत्रकार.राकेश कोठेनिया हलेना

भरतपुर ....जिले के भुसावर क्षेत्र में सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधों की जानकारी लेकर वापस जाते समय बदमाशों द्वारा प्रधानाध्यापक पर रास्ते में फरसे से वारकर प्रधानाध्यापक को गंभीर घायल करने के बाद वह मौके से फरार हो गए। पीड़ित प्रधानाध्यापक विजय सिंह गुर्जर निवासी सीता गांव के अनुसार

वह सीता गांव में स्थित पीएम श्री राजकीय प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं तथा 25 जुलाई को वह पंचायत समिति और पुलिस थाने से काम निपटाने के बाद स्कूटी से घर लौट रहे थे कि इसी दौरान रायपुर गांव से गुजरते समय मेडु नामक व्यक्ति ने उन्हें बातचीत के लिए रोक लिया। पीड़ित प्रधानाध्यापक विजय सिंह गुर्जर के अनुसार मेडु नामक व्यक्ति द्वारा उन्हें रोककर बातचीत करने के दौरान आरोपी वीरेंद्र पुत्र रोशन निवासी रायपुर गांव द्वारा बाइक से मौके पर पहुंचकर अचानक से उनके सिर पर फरसे से जानलेवा हमला करने के बाद मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा पीड़ित को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया।

वैशाली नगर की चित्रकुट मे एक गार्डन मे लहरियो 2025 कार्यक्रम का आयोजन वडी धूम घाम से मनाया गया

जयपुर

कार्यक्रम की सयोजक डा0 प्रतिभा गुप्ता व समाज सेविका प्रियका जिन्दल ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथी पुरुषोतम जिन्दल इन्द्र प्रस्थ रेजीडेन्स वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष ने गणेश पूजन कर गणेश वन्दना हुई इस कार्यक्रम मे सभी महिलाओ ने गानो की अलग अलग धूनो पर नृत्य पेश किया इस कार्यक्रम को लेकर सबके मे खुशी व उल्लास था डा ० गुप्ता ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि सभी महिला ओ को एकत्रित करके अपनी संस्कृति से जुडे रहने के लिए है जो महिलाए अपने घर से नही निकल पाती और कुछ नया करना चहाती है इसके लिए हमने गृप बनाया है जिसमे हम हर महिने सारे त्यौहार . एक साथ मना पावे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शिव गौरी पूजन, महादेव के भजन सावन की थीम पर नृत्य पुन गेम्स रेप वाक केक कटिंग और लक्की ड्रा के साथ एन्जोय किया इस मौके पर डा० प्रतिभा गुप्ता, प्रियका जिन्दल, पूनम शर्मा, संगीता शिवानी सुची नीलम और प्रियका जयानी थी

सरपंच पर फर्जी पट्टा जारी करने का आरोप स्टे भूमि पर जारी कर दिया पट्टा

-किशनगढ रेनवाल थाने में परिवादी दर्ज

रिपोर्ट जयपुर ग्रामीण डेक्स से

किशनगढ रेनवाल*. थाना क्षेत्र के सूंडा का बास ग्राम पंचायत के निलंबित सरपंच लाला ज्याणी पर सूंडा का बास निवासी मोहन लाल ने किशनगढ रेनवाल थाने में परिवादी दर्ज करवाया है। वही जानकारी के मुताबिक सरपंच लालाराम ज्याणी ने अणची देवी पत्नी हनुमान देवंदा के नाम फर्जी तरीके से पैसे लेकर पट्टा जारी करने का आरोप लगाया है। परिवादी ने बताया की वर्ष 2019 व वर्ष 2023 में भी ग्राम पंचायत सरपंच को नियम विरुद्ध पट्टा जारी नही करने के लिए पंचायत में आपत्ति पत्र दिया गया था जिसकी रसीद परिवादी के पास है। भूमि खसरा नंबर 773,774, 776, 777 पर एसीएम सांभरलेक द्वारा 04/05/2021 स्थगन आदेश जारी किए हुए है। जबकी सरपंच लालाराम ज्याणी मे जिस भूमि पर पट्टा जारी किया गया है वह भूमि खातेदारी विवादित भूमि है, फर्जी तरीके से पट्टा जारी होने की स्थिति में भाइयों में आपसी खींचतान बढ़ गई है, मामले को लेकर पंचायती राज व पुलिस प्रशासन से उचित कार्रवाई करने की मांग रखी गई है। इससे पहले भी ग्राम पंचायत सूंडा का बास सरपंच लालाराम ज्याणी पंचायत भवन निर्माण में अनियमितताओं को लेकर निलंबन चल रहे हैं।

जिले में 28 से 30 जुलाई तक अतिभारी वर्षा के मध्येनजर कक्षा 1 से 12 तक समस्त विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया अवकाश घोषित

देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 26 जुलाई।

मौसम विभाग जयपुर द्वारा 28 जुलाई से 30 जुलाई तक जिले में अति भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। चेतावनी को मध्येनजर रखते हुए जिले में संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं जिले के कक्षा 1 से 12 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अति भारी वर्षा से बचाव एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के मध्येनजर रखते हुए जिले में अवकाश घोषित किया जाना आवश्यक है। अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मौसम विभाग की 28 जुलाई से 30 जुलाई तक जिले में अति भारी वर्षा की चेतावनी को मध्येनजर रखते हुए जिले में संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं कक्षा 1 से 12 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों का अवकाश घोषित किया है। उन्होंने बताया कि यह आदेश केवल कक्षा 1 से 12 के विद्यार्थियों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लागू रहेगा। विद्यालय एवं आंगनबाड़ी स्टॉफ यथावथ कार्य करेगें। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी संस्था प्रभारी, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्धारित समयावधि में विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित करता पाया जात है तो उसके विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 में विहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज(बिहर वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार

पातेपुर पुलिस ने मादक पदार्थ कोटा के साथ युवक को किया गिरफ्तार। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस युवक को किया गिरफ्तार। मिली जानकारी अनुसार पातेपुर थाना क्षेत्र में

25- जुलाई-2025 में संध्या पातेपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बजरंग चौक से 150 मीटर दक्षिण बरडीहा जाने वाली सड़क पर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवक की पहचान

संजीव कुमार पिता रामजी राय ग्राम नीरपुर थाना पातेपुर के रुप में किया गया है। उसके साथ पास से प्लास्टसके के छोटे-डब्बा - 04-डब्बा कोंट (हेरोईन) बरामद किया है। वही अभियुक्त को गिरफतार किया गया है।

लापरवाही) लाइब्रेरी पढ़ने आया युवक मोटर साइकिल का कटा चलान

(मोटर साइकिल का नम्बर ओर मॉडल का नहीं है मैच)

देश का दर्पण. दैनिक अखबार पत्रकार.राकेश कोठेनिया हलेना

हलेना (भरतपुर) उप तहसील हलेना के गांव जहानपुर निवासी सिकंदर / महेश चन्द ने बताया शनिबार को में अपनी बाइक फ्ख 05 खर5850 है , जिसको लेकर में 8:00 अट हलेना लाइब्रेरी पढ़ने आया था और लाइब्रेरी में पढ़ रहा था तो मुझे दुपहेर 2 बजकर 29 मिनट पर अचानक चलान का मैसेज आया। में चौक्कना हुआ जब मैंने चालान को ऑनलाइन चैक किया तो उसमें बिना हेलमेट के ड्राइविंग का चालान 1000 कटा था। जिस बाइक का फोटो चालान में दिया है वो बाइक मेरी नहीं है न ही मेरी बाइक का नम्बर है, जबकि चलान मेरी बाइक नंबर से काटा गया है मैं लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहा था तब से मैने देखा है मुझे चिंता होनी लगी है, कुछ दिन बाद मेरा पेपर भी है और पढ़ाई में भी ध्यान नहीं लग रहा है, इसकी वजह से बहुत डिस्टर्ब हुआ इस लापरवाही को देखते हुए मुझे कड़ी परेशानी हुई। जो गाड़ी पर तैनात हैं उनके खिलाफ होनी चाहिए कार्यबाई ये चालान काटा गया है। शनिवार को दुपहर 2 बजकर 30 मिनट का है। जिसका काटना था उसका नहीं काटा चलान।

झुंझुनू में जल्द शुरू होगा विशिष्ट न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम

झुंझुनू। झुंझुनूं में अब शीघ्र ही विशिष्ट न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (एसीबी कोर्ट) शुरू होगा। भजनलाल सरकार की गत बजट घोषणा की अनुपालना में न्यायालय के लिए भवन के स्वीकृति आदेश अल्पसंख्यक विभाग ने जारी कर दिए हैं। गौरतलब है कि बार एसोसिएशन एसीबी कोर्ट के लिए भवन की मांग कर रही थी, जिस पर जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग ने अल्पसंख्यक विभाग को भवन का प्रस्ताव भेजकर एवं स्वीकृति आदेश जारी करवाकर अहम भूमिका निभाई। जिला कलक्टर गर्ग ने इस मौके पर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत एवं मुख्यमंत्री के विशिष्ट सचिव संदेश नायक (आईएएस) का भी आभार जताया। स्वीकृति आदेश के बाद जिला मुख्यालय के पत्रकारों से बातचीत करते हुए कलक्टर गर्ग ने बताया कि एसीबी कोर्ट खोलने के पीछे राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलरेंस की मंशा स्पष्ट है। पत्रकारगणों ने भी राज्य सरकार के इस फैसले पर खुशी जाहिर की एवं जनहित के प्रति कार्य करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। वहीं बार एसोसिएशन ने भी इस पर खुशी जाहिर की।

कहीं आप भी तो नहीं कर रहे ये ब्रेकफास्ट मिस्टेक? जानें सुबह क्या खाएं और क्या नहीं

सुबह की शुरुआत अगर अच्छी न हो तो पूरा दिन खराब जाता है. कुछ लोग जल्दी -जल्दी में नाश्ते में कुछ ऐसा खा लेते हैं, जो उनकी सेहत पर बुरा असर डालते हैं. चलिए जानते हैं कि सुबह ब्रेकफास्ट में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं.

वो कहते है ना किज्सुबह अच्छी तो पूरा दिन अच्छा है. ये बात बिल्कुल सटीक भी बैठती है. क्योंकि अगर सुबह की शुरुआत ही गलत हो जाए तो दिन अच्छा नहीं जाता है. खासकर ब्रेकफास्ट अगर सही तरीके से न किया जाए तो दिन पर शरीर में एनर्जी की कमी रहती है. जिससे किसी भी काम में मन भी नही लगता है. साथ ही हेल्थ से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती हैं.

आज कल अमूमन लोगों सुबह काफी जल्दी में रहते हैं. इसी वजह से वो जल्दी-जल्दी में जो मिल गया वही खा लेते हैं बिना ये सोचे की वो सेहत पर कैसे बुरा असर डाल सकता है. एक्सपर्ट्स की मानें तो कुछ कॉमन ब्रेकफास्ट फूड्स खाली पेट बिल्कुल नहीं खाने चाहिए. वहीं, कुछ फूड्स ऐसे भी हैं जो मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने, पेट साफ रखने और दिमाग को एक्टिव बनाने में मदद करते हैं. तो चलिए जानते हैं कि सुबह के वक्त क्या खाना चाहिए और किन चीजों से बिल्कुल दूरी बनाकर रखनी चाहिए.

क्या कहते हैं एक्सपर्ट?

हेल्थलाइन के मुताबिक, अगर आप जब आप सुबह एक हेल्दी नाश्ता लेते हैं तो वो आपको पूरा दिन एनर्जी से भरपूर तो रखता ही है. साथ ही ये लंबे समय तक पेट भी भरा रखता है. एक अच्छा ब्रेकफास्ट आमतौर पर फाइबर, प्रोटीन, हेल्दी फैट्स और जरूरी माइक्रोन्यूट्रिएंट्स से भरपूर होता है.वहीं, मार्केट में मिलने वाले कुछ ब्रेकफास्ट फूड्स ऐसे होते हैं जिनमें बहुत ज्यादा शुगर, रिफाइंड कार्ब्स और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं, जो सेहत के लिए अच्छे नहीं माने जाते. ऐसे में क्यों न हम कुछ पोषण से भरपूर और नेचुरल चीजों को अपनी सुबह की शुरुआत में शामिल करें? यहां हम बता रहे हैं सुबह खाने और पीने के लिए बेहतरीन चीजें, जो आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हैं.

ब्रेकफास्ट में लें अंडा

जो लोग नॉनवेजिटेरियन हैं उनके लिए सुबह नाश्ते में अंडा खाना काफी हेल्दी है. ये प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत है, जो लंबे समय तक पेट को भरा रखता है और मसल्स बनाने में मदद करता है. अंडे की जर्दी (4श्द्यद्म) में ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन नाम के एंटीऑक्सीडेंट पाए होते हैं. जो आंखों की हेल्थ को बेहतर बनाए रखने में मदद करते हैं और त्वचा, लिवर के साथ ही दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद माने जाते हैं.

ग्रीक योगर्ट भी है अच्छा ऑप्शन

ग्रीक योगर्ट दही को छानकर बनाया जाता है. इसमें भी प्रोटीन की अच्छी खासी मात्रा होती है. कुछ ग्रीक योगर्ट में Bifidobacteria जैसे प्रोबायोटिक्स भी पाए जाते हैं, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं.

होल ग्रेन टोस्ट करें शामिल

होल ग्रेन टोस्ट (साबुत अनाज से बना टोस्ट) फाइबर और कॉम्प्लेक्स कार्ब्स से भरपूर होता है। ये धीरे-धीरे पचता है, जिससे आपको लंबे समय तक भूख नहीं लगती. साथ ही ब्लड शुगर लेवल को भी कंट्रोल रखता है. आप होल व्हीट टोस्ट को कई हेल्दी चीजों के साथ खा सकते हैं.

ब्रेकफास्ट में भूलकर भी न खाएं ये चीजें

पैन केक या वॉफल्स

पैनकेक या वॉफल्स खाने में काफी टेस्टी होते हैं. लेकिन सेहत के लिहाज से उतने ही अनहेल्दी. ये रिफाइंड मैदे से बन होते हैं और ऊपर से मक्खन और शुगर सिरप डाला जाता है.

लड़कियों के लिए सामाजिक व्यवस्था अब भी क्रूर और जजमेंटल

केवल उत्तराखंड में नहीं समूचे उत्तर भारत की निम्न मध्य और मध्यम आय वर्गीय बेटियों की राह में काम करने की राह में कई चुनौतियां हैं। मेहनत कर के मुक़ाम पाने की राह में ये लड़कियां अपराधियों के हत्थे चढ़ जाती हैं। नतीजतन देश की आधी आबादी अब भी घर की चार दीवारी में ही सुरक्षा देखती है लेकिन स्वप्निल के मामले में तो उसका घर ही उसकी जान ले गया।चंडीगढ़ की वामिका हो या जयपुर की स्वप्निल- समाज और व्यवस्था अब भी इनके लिए बेहद क्रूर है। समाज इन्हें अपनी निगाहों से तौलता-परखता रहता है और कानून वह मंच नहीं दे पाता जहां वे निडर होकर अपनी फ़रियाद सुना सकें। व्यवस्था अक्सर पीड़िताओं के हक़ में होने से इंकार करती है। इसका नतीजा यह होता है कि एक के बाद एक कई लड़कियां और महिलाएं जुर्म का शिकार होती चली जाती हैं और फिर आधी आबादी की तरक्की के रास्ते रुक जाते हैं। परिवार उन्हें कैद रखने में ही अपना हित समझने लगते हैं। उनकी पूरी कोशिश केवल इतनी होती है कि लड़की मायके में सुरक्षित रहकर सीधे ससुराल में सुरक्षित पहुंच जाए। आंख फिर केवल तब खुलती है जब ससुराल से बेटी की असमय और संदिग्ध मौत की ख़बर उन्हें मिलती है। अब भी कई परिवार इसी सोच पर यकीन रखते हैं कि हमने तो डोली सजा दी, अब अर्थी भी वहीं से सज-धजकर निकले। अफ़सोस कि इस इतवार को जयपुर की स्वप्निल संदिग्ध हालात में मौत की नींद सो गई। व्यवस्था का हाल तो इस क़दर अस्त-व्यस्त है कि वह अपराधी को दंड तो दूर उलटे नवाज़ने की दिशा में बढ़ने लगती है।स्वप्निल से पहले चंडीगढ़ की वामिका कुंडू की बात, जिसके आरोपी विकास बराला को हरियाणा सरकार ने हाल ही में असिस्टेंट एडवोकेट जनरल बना दिया है। विकास फ़िलहाल ज़मानत पर बाहर है। यह अगस्त, 2017 की घटना है जब आरोपी ने चंडीगढ़ की सड़कों पर वामिका का पीछा किया। अपने एक साथी के साथ उसकी कार में घुसकर उसे अगुआ करने की कोशिश की लेकिन साहसी वामिका ने हिम्मत नहीं हारी। किसी तरह वह बचती-बचाती रही। चंडीगढ़ की सड़कों के सीसी टीवी फुटेज इस घटना के गवाह बने। खुद को बचाने के इस संघर्षपूर्ण साहस के लिए उन दिनों के स्थानीय और राष्टीय अख़बार वामिका की तारीफों से अटे हुए थे। अगस्त, 2017 में आरोपी को गिरफ़्तार कर जेल में डाल दिया गया था। वह क़ानून का विद्यार्थी था, उसे परीक्षा देने की अनुमति भी मिली लेकिन जनवरी, 2018 से वह ज़मानत पर बाहर आ गया जबकि उस पर चंडीगढ़ पुलिस ने धारा 354 डी (घूरने), 341 (ग़लत आचरण), 365 (अपहरण की कोशिश) और धारा 511 के तहत अपराध दर्ज़ किए हैं। यानी आरोपी अपराध तो करना चाहता था लेकिन किसी कारण से वह सफल न हो सका। विकास पर नशे में गाड़ी चलाने का भी इलज़ाम था।वामिका के पिता वीएस कुंडू आईएएस अफ़सर हैं और आरोपी के यूं सरकारी सिस्टम का हिस्सा बनने के बाद उन्होंने कहा कि इस पर मेरी या वामिका की टिप्पणी की क्या ज़रूरत है? यह सरकार को देखना चाहिए कि वह ज़िम्मेदार पदों पर कैसे लोगों को नियुक्त कर रही है जबकि केस अब भी चल रहा है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। एक अंग्रेज़ी अख़बार से बातचीत में उन्होंने कहा कि-हमने न्याय व्यवस्था में गहरी आस्था के साथ इस केस को रखा था लेकिन सात साल हो गए, कुछ नहीं हुआ। गौर करना चाहिए कि आरोपी के पिता सुभाष बराला उस समय भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष (2014-2020) थे और अब इसी पार्टी से राज्यसभा के सांसद हैं। क्या यह समझना मुश्किल है कि हाई प्रोफाइल मामलों में देर क्यों होती है? जबकि ऐसे पदों से मिसाल पेश की जानी चाहिए ताकि लड़कियां बेख़ौफ़ होकर अपनी ज़िन्दगी और कैरियर की राह चुन सकें। संकेत साफ़ हैं कि एक आईएएस की बेटी के लिए भी न्याय का रास्ता काफ़ी टेढ़ी डगर से ही गुज़रता है। बरसों-बरस मामला खिंचता है और अपराधी सरकारी पद भी पा जाता है।ऐसे में कहा जा सकता है कि उत्तराखंड की अंकिता भंडारी को ज़रूर न्याय मिला लेकिन वह अब दुनिया में नहीं है। अंकिता भी केवल 19 साल की थी और देहरादून के रिसोर्ट में रिसेप्शनिस्ट थी। उसकी हत्या रिसोर्ट के मालिक पुलकित आर्य ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर कर दी थी। अंकिता का शव छह दिन बाद ऋषिकेश की नहर से बरामद हुआ था। वह 18 सितंबर, 2022 से गायब थी। अंकिता के पिता सुरक्षा गार्ड थे और वह दस हज़ार रूपए की नौकरी से पिता की आर्थिक मदद करना चाहती थी।केवल उत्तराखंड में नहीं समूचे उत्तर भारत की निम्न मध्य और मध्यम आय वर्गीय बेटियों की राह में काम करने की राह में कई चुनौतियां हैं। मेहनत कर के मुक़ाम पाने की राह में ये लड़कियां अपराधियों के हत्थे चढ़ जाती हैं। नतीजतन देश की आधी आबादी अब भी घर की चार दीवारी में ही सुरक्षा देखती है लेकिन स्वप्निल के मामले में तो उसका घर ही उसकी जान ले गया।इस घटना के लिखने को एक %कन्फेशन नोट% कहना ज़्यादा सही होगा क्योंकि अगर जो भीतर जाया जाता तो बहुत कुछ बचाया जा सकता था। इन दिनों हर कोई इस कदर सभ्य हो गया है कि कोई किसी के मामले में न दाख़िल होना चाहता है और न दखल देना। लगभग दो साल पहले ही स्वप्निल हमारी बिल्डिंग के एक फ्लैट में आकर रहने लगी थी। पति और बच्चे के साथ परिवार को देखकर सभी आश्वस्त हो जाते हैं कि परिवार है, सब कुछ सही ही होगा। अकेले लड़के-लड़कियों को ज़रूर शक़ की निगाह से देखा जाता है। इस परिवार को रहते हुए कुछ ही समय बीता होगा कि एक दिन स्वप्निल रात के समय ज़ोर-ज़ोर से पड़ोसी का दरवाज़ा पीटते हुए चीख़ रही थी कि उसे बचा लो, उसका पति उसे मार डालेगा। परिवार का मामला मानकर सभी ने उसे समझा-बुझाकर वापस भेज दिया। शायद इसी समय पीड़िता समाज से उम्मीद करती है कि उसकी रक्षा की जाए, उसकी तकलीफ़ सुनी जाए। पुलिस के पास जाने की हिम्मत बहुत कम महिलाएं जुटा पाती हैं।

वामिका ज़रूर अपने पिता के सहयोग से ऐसा कर पाती है लेकिन न्याय तब भी नसीब नहीं हो पाता। स्वप्निल भी पुलिस के पास नहीं गई। उसका ससुराल पक्ष जो क़रीब ही रहता था, बिल्डिंगवासियों को बहू के अजीबो-गरीब किस्से सुना कर चला गया कि इसके ही लक्षण ठीक नहीं हैं और यह अच्छी बहू होने के काबिल नहीं है। बिल्डिंगवासी दोबारा अपनी ज़िन्दगी में शामिल हो गए। बाद में पता चला कि स्वप्निल को कैंसर हो गया है और वह अब ठीक भी हो रही है। इस बीच कुछ महीनों तक फ्लैट खाली रहा। फिर यह परिवार लौट आया। लगा जैसे इनकी ज़िन्दगी अब सामान्य है और पति -पत्नी में सुलह हो चुकी है। यह सच नहीं था। बमुश्किल एक महीना भी नहीं बीता था कि स्वप्निल के फ्लैट के आगे शोर था और पड़ोसी घबराए हुए एम्बुलेंस और पुलिस को फ़ोन कर रहे थे। बेसुध स्वप्निल ज़मीन पर पड़ी थी और चुन्नी पंखे से लटक रही थी। बच्चा घबराहट में कांप रहा था, रो रहा था और उसका पति कभी दौड़ता तो कभी उसे पानी पिलाता। पुलिस एम्बुलेंस से पहले आ गई। वह वीडियो बनाते हुए घर में दाखिल हुई, जब हाथ जोड़कर प्रार्थना की गई कि पहले अस्पताल ले जाया जाए तो वे उसे जयपुर के ही सवाई मान सिंह अस्पताल ले गए लेकिन स्वप्निल ज़िंदा नहीं थी। बाद में स्वप्निल के पिता ने अपनी बेटी को दहेज़ के लिए प्रताड़ित करने की बात पुलिस से कही और कहा कि पति समेत पूरे परिवार ने मेरी बेटी की जान ले ली। नशे का आदी उसका पति उसे पीटता था इसलिए वह कुछ समय मेरे पास आकर रही थी। शायद यह सब कहने में देर हो चुकी थी। स्वप्निल की मौत आत्महत्या है या हत्या, क़ानूनी पड़ताल का विषय है लेकिन दोनों ही परिस्थितियों में वह समाज से कई सवाल करती है। आत्महत्या एक व्यक्ति की नहीं समाज के कमज़ोर ताने-बाने की असफलता है। बिना मदद के स्वप्निल जैसी अनगिनत महिलाएं घुटती ही चली जाती हैं। कभी वे खुद अपना गला घोंट लेती हैं तो कभी घर की हिंसा उन्हें मार देती है। मदद के अभाव में वे अलग होने का फ़ैसला भी नहीं कर पाती। अनामिका सिंह की कविता बहुत कुछ कहती है-

संपादकीय

सख्ती जरूरी

यह विडंबना है कि नियामक संस्था की सख्ती और शिक्षण संस्थाओं की सक्रियता के बावजूद रैगिंग का रोग काबू में नहीं आ रहा है। जब-तब कुछ छात्रों के आत्महत्या करने और कई मामलों में दोषी छात्रों के निलंबन व पुलिस कार्रवाई के मामले भी अक्सर उजागर होते हैं, मगर मर्ज है कि लाइलाज होता जा रहा है। सीनियर छात्र नये छात्रों को परेशान करने के लिये नये-नये तौर-तरीके तलाश लेते हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले यूजीसी ने देश के 89 उच्च शिक्षा संस्थानों को कारण बताओ नोटिस जारी करके सख्त हिदायत दी है कि रैगिंग पर नियंत्रण करने वाले नियमों को सख्ती से क्यों लागू नहीं किया गया। यूजीसी ने इन उच्च शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों को चेताया है कि इन संस्थाओं के परिसर में छात्रों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता है। अब जब देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में नये छात्रों के प्रवेश का सिलसिला आरंभ होने वाला है, यूजीसी ने एक बार फिर सख्ती दिखाई है। उसने रैगिंग के नये तौर-तरीकों से कड़ाई से निपटने का निर्देश दिया है।

दरअसल, विभिन्न प्रसंगों में देखा गया है कि सीनियर छात्र नये छात्रों को परेशान करने के लिये नये तौर-तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं। यूजीसी के मुताबिक, ऐसे मामले प्रकाश में आये हैं कि सीनियर छात्र अनौपचारिक व्हाट्सएप समूह बनाकर नये छात्रों को उससे जुड़ने के लिये बाध्य करते हैं। फिर छात्रों के मानसिक उत्पीड़न का सिलसिला आरंभ हो जाता है। यही वजह है कि यूजीसी ने नये छात्रों को परेशान करने के इस नये तरीके के प्रति शिक्षा संस्थानों के अधिकारियों को चेताया है कि ऐसे मामले भी रैगिंग विरोधी नियमों के दायरे में आते हैं। इन मामलों में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालय, शैक्षणिक संस्थानों व कालेजों को रैगिंग मुक्त वातावरण बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

निश्चित रूप से नया सत्र शुरू होने से पहले यूजीसी की यह सक्रियता व सार्थक पहल स्वागत योग्य है। ऐसे में उच्च शिक्षण संस्थानों और कालेज प्रबंधन का दायित्व बनता है कि वे रैगिंग के नये तौर-तरीकों की सतर्कता से निगरानी करें। ताकि इसका इस्तेमाल नये छात्रों को आतंकित करने तथा अपमानित करने के लिए न किया जा सके। यह विडंबना ही है कि सीनियर छात्र नये छात्रों को परेशान करने के लिये नये-नये तरीके निकाल लेते हैं। यही वजह है कि नये छात्रों की शिकायतें लगातार सामने आती रहती हैं। पिछले सत्र में शिकायतें मिलीं कि सीनियर छात्र अनौपचारिक व्हाट्सएप ग्रुप में नये छात्रों को शामिल करके उन्हें धमकाते हैं। उन पर अपमानजनक नियम थोपते हैं। उन पर न केवल व्यंग्य करते हैं बल्कि गालियां भी देते हैं। ऐसे में नये भविष्य के लिए उत्साहित छात्र नयी परिस्थितियों में खुद को ढालने की कोशिश में विफल हो जाते हैं। उन्हें कई तरह से मानसिक व शारीरिक कष्टों तक का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि भयाक्रांत होने से कई छात्र विश्वविद्यालय या कालेज छोड़ने तक के लिए बाध्य हो जाते हैं। कुछ छात्र लंबे तनाव के बाद डिप्रेशन तक में चले जाते हैं। निस्संदेह, शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की घटनाओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। कहीं न कहीं विश्वविद्यालय व कालेज प्रशासन की शिथिलता व उदासीनता भी सीनियर छात्रों की गुंडाई को बढ़ावा देती है। जिसके लिये जवाबदेही तय की जानी चाहिए। यही वजह है कि यूजीसी को चेतावनी देने को बाध्य होना पड़ा कि रैगिंग के किसी तरह के क्रियाकलाप पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। ऐसा न करने पर इन शिक्षण संस्थानों की रेटिंग कम करने तथा अनुदान रोकने की कार्रवाई भी हो सकती है। दरअसल, शिक्षण संस्थानों को अपने परिसर में रैगिंग जैसी कुरीति पर रोक लगाने के लिये जहां सीनियर छात्रों के लिये परामर्श केंद्र बनाये जाने चाहिए, वहीं नये छात्रों की भी काउंसिलिंग की जानी चाहिए, ताकि वे नयी परिस्थितियों से साम्य स्थापित कर सकें।

क्या मोहन भागवत 75 साल पूरे करने के बाद सितंबर में पद छोड़ देंगे?



वरिष्ठ भाजपा नेता और आरएसएस के नेता भी इस बात पर ज़ोर देते हैं कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत शायद ही कभी कोई अनौपचारिक टिप्पणी करते हैं। उनकी टिप्पणियां अक्सर गंभीर होती हैं और दूरगामी परिणाम लाती हैं। ज़ाहिर है, पुस्तक विमोचन समारोह, जहां भागवत ने सुझाव दिया कि 75 वर्ष की आयु के बाद लोगों को सार्वजनिक जीवन से दूर हो जाना चाहिए, का राजनीतिक महत्व बहुत ज़्यादा है।

जैसे-जैसे 11 सितंबर नज़दीक आ रहा है, जिस दिन आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत 75 साल के हो जाएंगे- जो कि आरएसएस द्वारा निर्धारित सेवानिवृत्ति की समय सीमा है, आरएसएस तंत्र में एक बड़ी हलचल है। वे सभी यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि क्या भागवत आखिरकार 11 सितंबर को अपना कार्यकाल समाप्त करेंगे और दूसरों से भी ऐसा करने के लिए कहेंगे, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हैं, जो 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे।वरिष्ठ भाजपा नेता और आरएसएस के नेता भी इस बात पर ज़ोर देते हैं कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत शायद ही कभी कोई अनौपचारिक टिप्पणी करते हैं। उनकी टिप्पणियां अक्सर गंभीर होती हैं और दूरगामी परिणाम लाती हैं। ज़ाहिर है, पुस्तक विमोचन समारोह, जहां भागवत ने सुझाव दिया कि 75 वर्ष की आयु के बाद लोगों को सार्वजनिक जीवन से दूर हो जाना चाहिए, का राजनीतिक महत्व बहुत ज़्यादा है। इस टिप्पणी के निहितार्थ ने ही भगवा समुदाय को अनिश्चितता के दलदल में धकेल दिया है।दोनों संगठनों, आरएसएस और भाजपा, के नेता लगभग स्तब्ध हैं। वे भागवत की इस टिप्पणी का अर्थ समझने के लिए उत्सुक हैं- पिंगले ने कहा था कि आपने मुझे 75 वर्ष की आयु में शॉल दिया था, लेकिन मैं इसका अर्थ जानता हूं। जब किसी को 75 साल की उम्र में सम्मानित किया जाता है, तो इसका मतलब होता है- अब आपका समय पूरा हो गया है, अब आप हट जाइए और हमें काम करने दीजिए। भगवा नेताओं का मानना है कि वह यह टिप्पणी किसी और मौके पर कर सकते थे। उन्होंने %मोरोपंत पिंगले- हिंदू पुनरुत्थान के शिल्पी% पुस्तक के विमोचन को ही क्यों चुना? यह भगवा नेताओं को हैरान कर गया है। फिर भी, भागवत ने मोदी का नाम विशेष रूप से नहीं लिया, जो 17 सितंबर को 75 साल पूरे कर रहे हैं।हालांकि कुछ नेता यह मानने को तैयार नहीं हैं कि भागवत 11 सितंबर को पद छोड़ देंगे, लेकिन वरिष्ठ नेताओं के एक वर्ग का मानना है कि उनकी टिप्पणी इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने पद छोड़ने का मन बना लिया है। अगर वह अंतिम निर्णय पर नहीं पहुंचते, तो वह सार्वजनिक रूप से अपनी बात नहीं रखते। उन्हें पूरा यकीन है कि भागवत उस दिन पद छोड़ देंगे, जब तक कि कोई असाधारण स्थिति न आ जाए।भागवत ने यह सुझाव नहीं दिया है। इससे पहले, आरएसएस प्रमुख केएस सुदर्शन ने 2005 में सार्वजनिक रूप से अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी, जो उस समय भाजपा के दो चेहरे थे, से युवा नेताओं के लिए रास्ता बनाने का अनुरोध किया था। इसने पार्टी के अंदर एक बहस छेड़ दी थी। संयोग से, प्रधानमंत्री बनने के बाद, मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी और अन्य वरिष्ठ नेताओं को संगठन से बाहर करने के लिए इसका इस्तेमाल किया। भगवा नेताओं को यकीन है कि 75 साल की उम्र में भागवत पद छोड़ देंगे ताकि मोदी पर उनके नक्शेकदम पर चलने का दबाव बनाया जा सके। संघ और भाजपा नेताओं का मानना था कि भागवत को खुद एक मिसाल कायम करनी चाहिए और शायद वह ऐसा करेंगे।फिर भी, कुछ वरिष्ठ आरएसएस नेताओं का मानना है कि उन्हें कुछ और समय इंतज़ार करना चाहिए। लोकसभा चुनाव 2029 में होने हैं। तब तक मोदी को अनुमति दी जा सकती है। उन्हें अपने 15 साल के कार्यकाल के बाद किसी अन्य नेता को प्रधानमंत्री पद का रास्ता देना चाहिए। अगर मोदी अभी भी बने रहना चाहते हैं, तो आरएसएस को उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर करना चाहिए। अब सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि भागवत इस कदम को कैसे देखते हैं, जिसे भाजपा नेतृत्व में व्यापक समर्थन मिला है।

हालांकि, इस संघर्ष की प्रकृति और चरित्र और जिस तरह से इसे लड़ा जा रहा है, उस पर एक नज़र डालने से यह सच्चाई सामने आएगी कि वास्तविक कारण बिल्कुल अलग है और इसके गहरे सामाजिक निहितार्थ हैं। एक बात तो साफ़ दिखाई दे रही है। मोदी के वफ़ादार हर संभव कोशिश कर रहे हैं और इस धारणा को प्रचारित कर रहे हैं कि मोदी को सत्ता में बने रहना चाहिए। इसके विपरीत, आरएसएस का एक भी शीर्ष नेता उनके सुझावों का समर्थन करने के लिए सामने नहीं आया है। वे बस %देखो और इंतज़ार करो% और %कौन पहले हटेगा% की मुद्रा में हैं। आरएसएस भाजपा में आमूल-चूल परिवर्तन के पक्ष में है। संगठन भगवा तंत्र में बदलाव करना चाहता है। उनका मानना है कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अपनी जीवंतता और जवाबदेही खो दी है।

महाराष्ट्रीयन ब्राह्मणों का राजनीतिक संगठन आरएसएस, भाजपा के गुजराती ओबीसी नेताओं के खिलाफ वर्चस्व के लिए तीखे संघर्ष में लगा हुआ है। अपनी ओर से, गुजराती लॉबी भाषा के मुद्दे का इस्तेमाल आरएसएस और भाजपा के मराठा नेताओं को अलग-थलग करने के लिए कर रही है। महाराष्ट्र में गुजराती नेताओं और महाराष्ट्रीयन लॉबी के बीच तीखा संघर्ष देखा गया है। हाल के दिनों में दोनों के बीच दरार और बढ़ गई है। महाराष्ट्रीयन भगवा कार्यकर्ताओं की पहचान के लिए %दक्कन% शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है।

हालांकि भगवा नेता सार्वजनिक रूप से वर्ग संघर्ष के दर्शन को स्वीकार नहीं करते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में महाराष्ट्रीयन ब्राह्मणों और गुजराती ओबीसी नेताओं के बीच टकराव तेज हो गया है। गुजराती नेतृत्व भगवा पारिस्थितिकी तंत्र को नियंत्रित करने और ब्राह्मणवादी प्रभुत्व को समाप्त करने के लिए दृढ़ है, यह प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद उनके द्वारा वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार करने और उन्हें मार्गदर्शक मंडल में भेजने के पहले ही कदम से स्पष्ट हो गया था। मोदी द्वारा बाद में खुद को सर्वोच्च नेता के रूप में पेश करने और अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी जगह न देने जैसे कदम उनकी इस मंशा के प्रमाण हैं।

यद्यपि आरएसएस दलितों और आदिवासियों को संगठन में शामिल करने का प्रयास करता रहा है, लेकिन तथ्य यह है कि उसने उन्हें कभी भी प्राथमिक नहीं माना। इस वर्गीय टकराव ने आरएसएस और भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं और नेताओं के एक वर्ग को %पार्टी विद अ डिफरेंस% के दावे पर सवाल उठाने पर मजबूर कर दिया है। वे बताते हैं कि जब 1980 में भाजपा का गठन हुआ था, तो इसके संस्थापक नेताओं और खासकर इसके गठन से जुड़े आरएसएस नेताओं ने इसे %पार्टी विद अ डिफरेंस% होने का दावा किया था। यह मिथक इसके अस्तित्व के 45 साल के भीतर ही उजागर हो गया है। इसके विपरीत, कांग्रेस, जिसका गठन कम से कम 140 साल पहले, 1885 में हुआ था, आज भी अपनी नैतिकता पर कायम है, इसके बावजूद कि सामंती और धनी लोग अभी भी अपनी बात रखते हैं।कर्नाटक के ब्राह्मण और लिंगायत, महाराष्ट्र के अपने समकक्षों की तरह, गुजराती जोड़ी को कर्नाटक को गुजरात के लिए दूधारू गाय बनाने की उनकी कोशिशों के लिए नापसंद करते हैं। 2023 में ही, केंद्र ने स्थानीय दूध उत्पादक सहकारी संस्था नंदिनी को बंद करने और गुजरात स्थित अमूल को कर्नाटक में लाने की पुरज़ोर कोशिश की थी। कर्नाटक के ब्राह्मणों और किसानों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और उन्होंने अमूल को अपना दूध न बेचने का संकल्प लिया। यह जानना दिलचस्प है कि मोदी देश भर के सभी राज्यों में किसी अन्य उद्योगपति को नहीं, बल्कि अडानी को आगे बढ़ा रहे हैं और उन्हें राज्यों में अपने उद्योग स्थापित करने में मदद कर रहे हैं।

ब्रिटेन के एफटीए से भारत को होगा फायदा, अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौतों की जरूरतः संजय मल्होत्रा

एजेंसी
मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर का स्वागत करते हुए कहा कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत को अन्य देशों के साथ इसी तरह के समझौते करने की जरूरत है। संजय मल्होत्रा ने आज मुंबई में बीएफएसआई आईटी शिखर सम्मेलन में कहा कि लंदन में ब्रिटेन के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते से हमें मदद मिलेगी। अब आगे बढ़ने का यही रास्ता है, क्योंकि दुर्भाग्य से बहुपक्षवाद पीछे छूट गया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि इससे हमारे विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान वास्तविकताओं को देखते हुए जहां बहुपक्षवाद पीछे छूट गया है, भारत के लिए अन्य देशों के साथ ऐसे और समझौते करना जरूरी है। मल?होत्रा ने यह भी स्वीकार किया कि ऐसे कई और समझौते बातचीत के चरण में हैं। मल्होत्रा ने अपने अमेरिकी समकक्ष जेरोम पॉवेल का फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को बनाए रखने के उनके प्रयासों के लिए समर्थन किया, ऐसे समय में जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी नीतियों से अपनी असहमति सार्वजनिक रूप से व्यक्त की है।

लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस आईपीओ 29 जुलाई को खुलेगा

अहमदाबाद। लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 29 जुलाई को खुलेगा। कंपनी की ओर से यहां जारी बयान में बताया गया कि लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस लिमिटेड ने अपने आईपीओ के लिए प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड 150 से 158 रुपये तय किया है, जिसकी फेस वैल्यू पांच रुपये है। कंपनी का आईपीओ मंगलवार, 29 जुलाई को खुलेगा और गुरुवार, 31 जुलाई को बंद होगा। निवेशक कम से कम 94 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 94 के गुणक में बोली लगा सकते हैं। यह आईपीओ फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल का मिक्स है। इसमें 18,453,575 नए शेयर जारी किए जाएंगे और प्रमोटर व प्रमोटर ग्रुप के शेयरहोल्डर्स द्वारा 5,638,620 शेयर ऑफर फॉर सेल के लिए रहेंगे। लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस की शुरुआत 1990 के दशक में दीपक फाइनेंस एंड लीजिंग कंपनी के साथ हुई थी। यह एक नॉन-डिपॉजिट टेकिंग नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (एनबीएफसी) है, जो भारत के उन ग्राहकों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करती है जिन्हें आमतौर पर कम सेवाएं मिलती हैं। यह अपने ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए कई तरह की ऋण देती है।

अटल पेंशन योजना में पालिसीधारकों की संख्या 8 करोड़ के पार

नई दिल्ली। अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में पंजीकृत पालिसीधारकों की संख्या आठ करोड़ से ऊपर पहुंच गयी है और इनमें 39 लाख लोग इसी वित्त वर्ष में जुड़े हैं। यह जानकारी वित्त मंत्रालय की जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है। मोदी सरकार की इन महत्वाकांक्षी सामाजिक सुरक्षा योजना ने इस वर्ष 9 मई को दस साल पूरे किए हैं। इस योजना को गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को पेंशन कोष योजना का संरक्षण देने के लिए बनाया गया है। इसे सभी बैंकों, डाक विभाग और राज्य तथा केंद्र शासित क्षेत्र स्तरीय बैंकिंग समितियों के सहयोग से चलाया जा रहा है। पेंशन विनियामक पीएफआरडीए इसके प्रचार-प्रसार में सक्रिय सहयोग करता है। योजना के पालिसीधारकों को 60 साल की उम्र पूरा होने के बाद 1000 रुपये 5000 रुपये तक की मासिक पेंशन की गारंटी दी गयी है जो उसके न रहने पर उसके जीवनसाथी को मिलेगी। दोनों के न रहने पर उनके नामित को धारक के कोष का सारा पैसा मिल जाएगा। इसमें 18-40 वर्ष की आयु का कोई भी नागरिक इस योजना में शामिल हो सकता है बशर्ते वह आयकर के दायरे में न आता हो।

चावल-गेहूँ, खाद्य तेल महँगे, दालों में उतार-चढ़ाव, चीनी सस्ती

नई दिल्ली। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल और गेहूँ के दाम बढ़ गये। चीनी में गिरावट रही। दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया जबकि खाद्य तेलों के दाम बढ़ गये। घरेलू थोक बाजारों में चावल की औसत कीमत 32 रुपये बढ़कर 3,837.05 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुँच गयी। गेहूँ भी 15 रुपये महँगा हुआ और 2,832.09 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा करीब तीन रुपये सस्ता होकर 3,276.38 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। सरसों तेल में 43 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मूँगफली तेल औसतन 32 रुपये प्रति क्विंटल महँगा हुआ। सोया तेल में एक रुपये प्रति क्विंटल की मामूली बढ़त दर्ज की गयी। वनस्पति 82 रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 54 रुपये प्रति क्विंटल ऊपर रहा। पाम ऑयल 95 रुपये प्रति क्विंटल महँगा हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। दलहन बाजार में मसूर दाल में औसतन आठ रुपये की बढ़त दर्ज की गयी रही। चना दाल भी 20 रुपये प्रति क्विंटल महँगी हुई। तुअर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में 12 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गयी। दाल मूँग नौ रुपये प्रति क्विंटल महँगी हुई।

भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्णः शिवराज

एजेंसी
नई दिल्ली। भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते को लेकर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देशभर के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। शिवराज ने कहा कि यह समझौता अद्भुत, अभूतपूर्व, ऐतिहासिक और राष्ट्र तथा किसानों के व्यापक हित में है। केंद्रीय मंत्री चौहा ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा ब्रिटेन के साथ जो व्यापक आर्थिक व्यापार समझौता हुआ है, वो भारतीय कृषि और किसानों के लिए वरदान है। भारत ट्रेड सरप्लस देश है, मतलब यूनाइटेड किंगडम (यूके) को 8 हज़ार 500 करोड़ रुपये के कृषि उत्पाद हम निर्यात करते हैं और वहां से हम 3 हज़ार 200 करोड़ रुपए के कृषि उत्पाद आयात करते हैं। मतलब, हमारा निर्यात ज़्यादा है व आयात कम है और इसका फ़ायदा

निर्यात ज़्यादा होगा तो निश्चित तौर पर भारत को मिलेगा। शिवराज ने कहा कि किसानों के हितों का पूरी तरह संरक्षण किया गया है। किसान हित हमारे लिए सर्वोपरि है। किसानों की सेवा भगवान की पूजा जैसी है। इसलिए, ऐसी चीजें, जिनके आयात से हमारे किसानों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता था, उनमें कोई रियायत समझौते पर नहीं दी गई है। गेहूं, चावल, मक्का, अनाजों में जिनका व्यापक उत्पादन होता है हमारे यहां, भारत ने कोई कन्सेशन नहीं दिया है। अगर हम फलों में देखें तो सेब, अनार, अंगूर, नाशपाती, आलू बुखारा, फलों का राजा आम, अमरूद इन पर भी हमने कोई कन्सेशन नहीं दिया है। हम ऑयल सीड्स को देखें, तिलहन को देखे तो सोयाबीन, मूंगफली, सरसों में हमने कोई रियायत नहीं दी है, वहीं नट्स को देखें तो काजू, बादाम, अखरोट इन पर हमने कोई रियायत नहीं दी है। सब्जियों में आलू, प्याज़, टमाटर, लहसुन, मटर जो हमारे यहां व्यापक पैमाने पर होता है, हमने यूके को कोई कन्सेशन नहीं दिया है। इसी तरह, दलहन में काला चना, चना, उड़द, मूंग, मसूर, राजमा, तुअर इन पर हमने कोई छूट यूके को नहीं दी है। फूलों में गुलाब, लीली, ऑर्किड इन पर हमने कोई रियायत नहीं दी है। मसालों में हल्दी, बड़ी इलायची जैसे मसालों पर भी हमने कोई छूट नहीं दी है।

पीएम विकसित भारत रोजगार योजना एक अगस्त से होगी लागू

एजेंसी
नई दिल्ली। रोजगार संबद्ध प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना 1 अगस्त, 2025 से पीएम विकसीत भारत रोजगर योजना (पीएम-वीबीआरआई) के रूप में लागू होगी। यह नाम विकसित भारत पहल के प्रति योजना के समग्र उद्देश्यों के साथ सरेखण में है। केंद्रीय कैबिनेट ने रोजगार लिंक्ड इंसेंटिव (ईएलआई) स्कीम को पहले ही मंजूरी दे दी है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को अपनी स्वीकृति दी थी। मंत्रालय के मुताबिक 99,446 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली पीएमवीबीआरवाई का लक्ष्य 2 साल की अवधि में इस योजना के तहत देश में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगारों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इसका लाभ 1 अगस्त, 2025 से 31 जुलाई, 2027 के बीच सृजित रोजगारों पर लागू होगा। योजना के तहत इनमें से 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार कार्यबल में शामिल होंगे। मंत्रालय के मुताबिक नियोक्ताओं को नए रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहित करने वाली इस योजना का उद्देश्य विनिर्माण सेक्टर पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न सेक्टरों में नए रोजगार सृजन के लिए लाभ प्रदान करना है। यह रोजगार-आधारित विकास के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने की भारत की कार्यनीति का एक अहम हिस्सा है। इस योजना में दो भाग हैं, भाग ए पहली बार रोजगार पाने वालों पर केंद्रित है तथा भाग बी नियोक्ताओं पर केंद्रित है पहली बार रोजगार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन भाग 'ए':- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पहली बार पंजीकृत कर्मचारियों को लक्षित करते हुए इस भाग में एक महीने का ईपीएफ वेतन, अधिकतम 15,000 रुपये दो किश्तों में दिया जाएगा।

सेना के लिए खरीदे जाएंगे एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार, बीईएल से समझौता

एजेंसी
नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार खरीदने के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ लगभग 2,000 करोड़ रुपये के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। यह ?रडार स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित होंगे। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में रक्षा मंत्रालय और बीईएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 70 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री से युक्त ये रडार विमान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन सहित हवाई खतरों का पता लगाने में सक्षम होंगे, जिससे वायु रक्षा रेजिमेंटों की परिचालन तत्परता बढ़ेगी और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को बल मिलेगा। यह वायु रक्षा रेजिमेंटों के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और भारतीय सेना की

परिचालन तत्परता को बढ़ाएगा, साथ ही राष्ट्र के आर्थिक विकास में भी योगदान देगा। यह खरीद, कंपोनेंट के विनिर्माण और कच्चे माल की आपूर्ति के माध्यम से भारतीय एमएसएमई को प्रोत्साहित करके स्वदेशी रक्षा उद्योगों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सेबी ने नवीनीकरण शुल्क नहीं चुकाने पर 13 निवेश सलाहकारों का पंजीकरण रद्द किया

एजेंसी
नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने संस्थाओं का निवेश सलहाकार के रूप में पंजीकरण रद्द कर दिया है। ये कंपनियां नवीनीकरण शुल्क का भुगतान करने में विफल रहीं हैं। पूंजी बाजार नियामक ने जारी अपने आदेश में कहा, नोटिस प्राप्तकर्ताओं (13 इकाइयों) के निवेश सलाहकार के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद्द करने का उद्देश्य अनजान निवेशकों द्वारा सेबी के साथ उनके समाप्त हो चुके पंजीकरण प्रमाणपत्र के दुरुपयोग को रोकना है। हालांकि, पूंजी बाजार नियामक ने स्पष्ट किया कि इन संस्थाओं की पंजीकरण रद्द होने के बावजूद, वे निवेश सलाहकार के रूप में अपने पिछले कार्यों या लापरवाहियों के लिए उत्तरदायी रहेंगी। सेबी ने जिन 13 संस्थाओं का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द किया है, उनमें मंजीत सिंह वोहरा, तरुण केडिया शामिल हैं। सेबी (निवेश सलाहकार) विनियमन के तहत

कुमार सपरा, गौरी सुगन्या बी, संजय सुबोधचंद्र शुक्ला, शाजी जॉर्ज, रवि मित्तल, वीबीएस इन्वेस्टमेंट्स, रविशंकर के अय्यर, एमजी फंड्स, संदीप आहूजा, हर्ष अग्रवाल, वरुण जालान और गौरव प्रत्येक पंजीकृत निवेश सलाहकार को पंजीकरण को प्रभावी बनाए रखने के लिए नियामक से पंजीकरण प्राप्त होने की तिथि से प्रत्येक पांच वर्ष में नवीकरण शुल्क का भुगतान करना जरूरी होता है।

डॉलर के मुकाबले 10 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

एजेंसी
नई दिल्ली। स्टॉक मार्केट में विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी के कारण आज रुपया डॉलर की तुलना में गिरावट के साथ बंद हुआ। मुद्रा बाजार में भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 10 पैसे यानी 0.12 प्रतिशत फिसल कर 86.52 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को भारतीय मुद्रा 86.42 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ ही की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 17 पैसे की कमजोरी के साथ 86.59 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। दिन के कारोबार के दौरान डॉलर की मांग

बढ़ने पर रुपया और 4 पैसे फिसल कर 86.63 के स्तर तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद मुद्रा बाजार में डॉलर की आवक बढ़ने पर रुपये की स्थिति में कुछ सुधार हुआ। डॉलर की मांग में कमी आने के कारण कुछ समय के लिए रुपया दिन के निचले स्तर से 17 पैसे की रिकवरी करके 86.46 के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में मुद्रा बाजार में एक बार फिर डॉलर की मांग बढ़ने पर रुपये ने 10 पैसे की कमजोरी के साथ 86.52 के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों ने आज भारतीय शेयर बाजार में लगातार पांचवे दिन जम कर बिकवाली की और अपने पैसे निकालते रहे। इसके कारण मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग पर असर पड़ा। इसके साथ ही वैश्विक बाजार में जारी उथल पुथल ने भी आज भारतीय मुद्रा को कमजोर करने में अहम भूमिका निभाई। टीएनवी फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ तारकेश्वर नाथ वैष्णव के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी ने भी रुपये पर आज दबाव बनाए रखा, जिसका असर आज मुद्रा बाजार में डॉलर की कीमत में तेजी के रूप में नजर आया। भारतीय मुद्रा रुपया आज डॉलर के मुकाबले जरूर कमजोर हुआ, लेकिन इसने ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले आज मजबूती दिखाई। आज के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 59 पैसे की बढ़त के साथ 116.47 के स्तर पर लुढ़क गया। इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया आज 2 पैसे की तेजी के साथ 101.52 के स्तर तक पहुंच गया।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.18 अरब डॉलर घटकर 695.49 अरब डॉलर पर

एजेंसी
मुंबई। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार तीसरे हफ्ते गिरावट दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18 जुलाई को समाप्त हफ्ते में घटकर 695.49 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले हफ्ते की तुलना में इसमें 1.18 अरब डॉलर की गिरावट आई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में बताया कि 18 जुलाई को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.18 अरब डॉलर गिरकर 695.49 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के अनुसार 18 जुलाई को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख

घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.20 अरब डॉलर घटकर 587.61 अरब डॉलर रह गई। हालांकि, इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 15 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 11.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.68 अरब डॉलर रह गया। इसके अलावा आंकड़ों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 1.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.69 अरब डॉलर रहा। देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर, 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

आईटी कंपनी इंटेल के 25 हजार कर्मचारियों पर मंडराया छंटनी का संकट

एजेंसी
नई दिल्ली। कंप्यूटर चिप बनाने वाली दुनिया की दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इंटेल के कर्मचारियों की नौकरी पर संकट मंडरा रहे हैं। इंटेल इस साल के अंत तक अपने 25 हजार कर्मचारियों की छंटनी करने की तैयारी में है। इंटेल ने एक बयान में कहा कि उसने अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग 15 फीसदी की कटौती करने की तैयारी पूरी कर ली है, जिसकी घोषणा पिछली तिमाही में की गई थी। दरअसल, मार्च में कार्यभार संभालने के बाद इंटेल के नए सीईओ लिप-बू टैन की ओर से लिए गए शुरुआती फैसलों में ये छंटनी शामिल थी। इंटेल कंपनी पिछले कुछ समय से मुश्किल के दौर से गुजर रही है।इससे पहले इंटेल ने

अप्रैल, 2025 में भी कंपनी की लागत में कटौती करने के संकेत दिए थे, जिसमें 15 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी करने की बात कही गई थी। ऐसे में कंपनी की वापसी के लिए यह फैसला अहम है। चिप निर्माता का हवाला देते हुए एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उसने अपने मुख्य कार्यबल में करीब 15 फीसदी की कमी लाने के लिए पिछली तिमाही में घोषित की गई अपनी नियोजित कर्मचारी संख्या की अधिकांश कार्रवाइयों को पूरा कर लिया है।इंटेल ने 2024 के अंत तक 109,800 लोगों को रोजगार दिया था, जिनमें से कंपनी ने 99,500 को मुख्य कर्मचारी के रूप में वर्गीकृत किया था। हालांकि, चिप निर्माता का कहना है कि वह वर्ष के अंत तक लगभग 75 हजार मुख्य कर्मचारियों के साथ काम करना चाहता है। ऐसे में कंपनी अपने 25 हजार कर्मचारी की छंटनी करने की तैयारी में है।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच हुई एफटीए पर दूसरे दौर की वार्ता, न्यूजीलैंड में होगी तीसरे दौर की बातचीत

एजेंसी
नई दिल्ली।भारत-न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए दूसरे दौर की वार्ता नई दिल्ली में हुई। बैठक में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के साझा उद्देश्य को और बल मिला है। अब तीसरे दौर की वार्ता सितंबर में न्यूजीलैंड में होगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक इस प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते से व्यापार प्रवाह में वृद्धि, निवेश संबंधों को समर्थन, आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन को बढ़ावा मिलने और दोनों देशों में व्यवसायों के लिए एक पूर्वानुमानित और सक्षम वातावरण स्थापित होने की उम्मीद है। भारत और न?यूजीलैंड के बीच एफटीए पर बातचीत 16 मार्च को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड सरकार के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के बीच बैठक के दौरान शुरू हुई थी। इसके बाद मई में राजधानी नई दिल्ली में आयोजित पहले दौर की वार्ता हुई। अब दूसरे दौर की वार्ता 14 से 25 जुलाई तक आयोजित की गई। मंत्रालय के मुताबिक वार्ता के इस दौर में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, निवेश, उत्पत्ति के नियम, सीमा शुल्क प्रक्रियाएं और व्यापार सुविधा, व्यापार में तकनीकी बाधाएं, स्वच्छता और पादप स्वच्छता संबंधी उपाय और आर्थिक सहयोग सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण

प्रगति हुई है। दोनों देशों के बीच चर्चाओं में कई विषयों पर शीघ्र सहमति बनाने में आपसी रुचि पर जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने एक संतुलित, व्यापक और दूरदर्शी समझौते पर पहुंचने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। न्यूज़ीलैंड के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2024-25 में 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। यह पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 48.6 फीसदी की वृद्धि है, जो आर्थिक साझेदारी की बढ़ती संभावनाओं का संकेत है।

भारत-ब्रिटेन ट यापार समझौता मोटर वाहन क्षेत्र के लिए फायदेमंदः सियाम

एजेंसी
नई दिल्ली। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का गर्मजोशी से स्वागत किया है। सियाम ने कहा कि इस समझौते से प्रमुख वैश्विक साझेदार के साथ सहयोग और अवसर के लिए नए रास्ते खुलेंगे। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने एक बयान में कहा, ''हम इस समझौते को एक व्यापक रणनीतिक भागीदारी के हिस्से के रूप में देखते हैं। यह एक प्रमुख वैश्विक साझेदार के साथ सहयोग और अवसर के लिए नए रास्ते खोलता है।'' उन्होंने कहा कि सियाम, भारत सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि समझौते के लाभ भारतीय मोटर वाहन उद्योग के लिए अधिक वृद्धि, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और प्रौद्योगिकी प्रगति में तब्दील हों सकें। चंद्रा ने कहा कि ब्रिटेन के साथ संपन्न ये समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक भागीदारी, खासकर विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ संबंध मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि चूंकि दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं साझेदारी के एक नए चरण में प्रवेश कर रही हैं। ऐसे में वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच इस परिवर्तनकारी समझौते का संपन्न होना आधुनिक व्यापार एवं निवेश ढांचे को आकार देने में भारत के बढ़ते नेतृत्व को दर्शाता है। इस समझौते से ब्रिटेन के बाजार में चमड़ा, विद्युत मशीनरी और रसायन जैसे कई घरेलू क्षेत्रों तक शुल्क मुक्त पहुंच उपलब्ध होगी।

लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 6.51 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी
नई दिल्ली। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन आज घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद कुछ देर तक लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान चलती रही, लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही बिकवाल पूरी तरह से बाजार पर हावी हो गए। इसके बादा लगातार हो रही बिकवाली की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरते चले गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.88 प्रतिशत और निफ्टी 0.90 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और मेटल सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह बैंकिंग, आईटी, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल, कैपिटल गुड्स, ऑटोमोबाइल और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, फार्मास्यूटिकल सेक्टर में आज खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.88 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े छह लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 451.59 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) रह गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 458.10 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 6.51 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,154 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,126 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,886 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 142 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,654 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 475 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,179 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से सिर्फ एक शेयर बढ़त के साथ बंद हुआ, वहीं 29 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 7 शेयर हरे निशान में और 43 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 118.41 अंक की कमजोरी के साथ 82,065.76 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक की गिरावट बढ़ने लगी। हालांकि खरीदारों ने कारोबार के दौरान कई बार लिवाली का जोर बना कर बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि उनकी कोई भी कोशिश सफल नहीं हो सकी। लगातार हो रही बिकवाली के कारण आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 786.48 अंक टूट कर 81,397.69 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि आखिरी वक्त में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई मामूली खरीदारी की वजह से सेंसेक्स निचले स्तर से करीब 65 अंक की रिकवरी करके 721.08 अंक की गिरावट के साथ 81,463.09 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 51.75 अंक टूट कर 25,010.35 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक नीचे की ओर लुढ़कता चला गया।

19 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कियों और लड़कों के लिए अंतर-विद्यालय क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

एजेंसी

घगवाल। युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा आज वार्षिक गतिविधियों के कैलेंडर के अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय जतवाल में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कियों और लड़कों के लिए वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती और खो-खो खेलों में अंतर-विद्यालय क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके बाद चयन समितियों ने आगामी अंतर-क्षेत्रीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्षेत्रीय टीमों का चयन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 186 खिलाड़ियों (19 वर्ष से कम आयु वर्ग में 48 लड़कियां और 138 लड़के) ने भाग लिया। यह गतिविधि श्रीमती अनुराधा गुप्ता महानिदेशक युवा सेवा एवं खेल विभाग जम्मू एवं कश्मीर के संरक्षण और डीवाईएसएसओ सांबा धर्मवीर सिंह के कुशल नियंत्रण में संपन्न हुई। आयोजन समिति का नेतृत्व क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी घगवाल विकास मलगोत्रा ने किया। आज का परिणाम-अंडर-19 वर्ष बालिका वर्ग कबड्डी में-एचएसएस राजपुरा ने एचएसएस घगवाल को 5 अंकों से हराया। वॉलीबॉल में-एचएसएस घगवाल ने एचएसएस राजपुरा को 2-1 सेटों से हराया। खो-खो में-एचएसएस राजपुरा ने एचएसएस घगवाल को 4 अंकों से हराया।? वहीं अंडर-19 वर्ष बालक वर्ग में-कबड्डी में-एचएसएस घगवाल ने एमईआई घगवाल को 1 अंक से हराया। वॉलीबॉल में-एचएसएस घगवाल ने एमईआई घगवाल को 2-1 सेटों से हराया। खो-खो में-एचएसएस राजपुरा ने एसएनवीपी राजपुरा को 2 अंकों से हराया।

बीएसएफ द्वारा सीमावर्ती गाँव गजनसू में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

अखनूर। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत सीमा सुरक्षा बल अखनूर द्वारा आज सीमावर्ती गाँव गजनसू में एक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीएसएफ की टीम एवं स्थानीय नई बस्ती की टीम ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बीएसएफ की ओर से अमित कुमार सिंह डिप्टी कमांडेंट तथा डी एस रावत डिप्टी कमांडेंट के साथ और भी सीमा सुरक्षा बल के कार्मिक उपस्थित रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुख नंदन चौधरी के साथ और भी गण्यमान्य व्यक्तियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की और ग्रामीण युवाओं के खेलों के प्रति उत्साह की सराहना की। प्रतियोगिता का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, सीमा सुरक्षा बल और नागरिकों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को मजबूत करना तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता को प्रोत्साहित करना था। बीएसएफ की यह पहल न केवल खेल भावना को प्रोत्साहित करती है बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सामुदायिक सहभागिता को भी सुदृढ़ करती है।

भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व मध्यक्रम बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। वेदा भारतीय टीम का हिस्सा थीं जिसने 2017 वनडे वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल खेला था और 2020 टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया से हारकर उपविजेता रही थी। वेदा ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के साथ अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा, एक छोटे शहर की लड़की बड़े सपनों के साथ - यही मेरी कहानी कड़ूर से शुरू हुई थी। मैंने बल्ला उठाया, ये नहीं पता था कि ये मुझे कहां ले जाएगा, लेकिन खेल से प्यार था। इसने मुझे मेरी पहचान दी, लड़ना सिखाया, गिरना और फिर उठकर चलना सिखाया। आज पूरे दिल के साथ, मैं इस अध्याय को समाप्त कर रही हूं। वेदा ने अंत में कहा, मैंने दिल से खेला, हर कदम पर गर्व के साथ। हमेशा टीम के लिए, हमेशा भारत के लिए। वेदा ने भारत के लिए 48 वनडे और 76 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने वनडे में 829 रन और 3 विकेट अपने नाम किए, जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनके नाम 875 रन दर्ज हैं। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2020 टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल था, जबकि आखिरी वनडे उन्होंने अप्रैल 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था।

क्रिकेट के भविष्य गढ़ रहे रामचन्द्र,सभी खेल को बढ़ावा देने में अग्रणी

रायगढ़। रामचन्द्र शर्मा कई क्षेत्रों में सफलता का परचम लहरा रहे हैं। जिसमें से एक क्षेत्र है खेल का। रामचन्द्र खुद एक शानदार क्रिकेट खिलाड़ी रहे हैं वे सी.के.नायडू ट्रॉफी विजेता टीम के सदस्य रह चुके हैं। विश्वविद्यालयीन क्रिकेट में रोहिंटन बारिया ट्रॉफी में 3 बार गुरूघासीदास विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। प्रारंभ में उन्हें खिलाड़ी के रूप में ही जाना जाता था। पुलिस की सेवा से वापसी के पश्चात जिला क्रिकेट संघ के सचिव के रूप में पिछले 13- 14 सालों से क्रिकेट के नौनिहाल को भविष्य का क्रिकेटर बनाने के लिए जी-जान से लगे हुए हैं। वे संस्कार क्रिकेट ऐकेडमी के संचालक के रूप में 8 साल से लेकर सीनियर उम्र के खिलाड़ियों को तराशने में लगे हुए हैं। यही कारण है कि संस्कार क्रिकेट ऐकेडमी का परचम ऑस्ट्रेलिया तक लहरा रहा है।

डीसी ओपनः राडुकानु और लेयलाह सेमीफाइनल में

एजेंसी

वॉशिंगटन। ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु ने डीसी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 2021 यूएस ओपन चैंपियन बनने के बाद यह उनका सबसे बड़ा टूर्नामेंट है, जहां वह अंतिम चार में पहुंची हैं। खेले गए महिला सिंगल्स क्वार्टरफाइनल में राडुकानु ने ग्रीस की मारिया सक्कारी को 6-4, 7-5 से हराया। गर्मी और उमस भरे दिन में (तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के पार), राडुकानु को दूसरे सेट में 2-5 से पीछे रहने के बाद मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने लगातार पांच गेम जीतते हुए मैच अपने नाम किया। राडुकानु ने मैच के बाद कहा, मैं आमतौर पर गर्मी में ठीक रहती हूं, लेकिन आज काफी संघर्ष करना पड़ा। यह मेरा सबसे कठिन परिस्थितियों वाले मैचों में से एक था। दूसरे सेट में मैं थोड़ी अस्थिर महसूस कर रही थी, लेकिन खुशी है कि मैं सीधे सेटों में मैच खत्म कर सकी। महिला वर्ग में ही कनाडा की

लेयलाह फर्नांडीज ने भी सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 2021 यूएस ओपन फाइनल में राडुकानु की प्रतिद्वंद्वी रहीं लेयलाह ने क्वालिफायर में टेलर टाउन्सेंड को 6-4, 7-6 (4) से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीय और 2022 विंबलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना से होगा, जिन्होंने मैग्डालेना फ्रेच को 6-3, 6-3 से मात दी।

राडुकानु का सेमीफाइनल मुकाबला अब अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने चौथी वरीय क्लारा टॉसन को 6-3, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

पुरुष वर्ग में भी रोमांचक मुकाबले

पुरुष सिंगल्स में अमेरिका के बेन शेल्टन ने लगातार दूसरे साल डीसी ओपन सेमीफाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने ऑल-अमेरिकन क्वार्टरफाइनल में फ्रांसेस टियाफो को 7-6 (2), 6-4 से हराया। शेल्टन ने 90 प्रतिशत पहले सर्व पॉइंट जीते और 146 मील प्रति घंटे की रफ्तार से नौवां ऐस लगाकर मैच समाप्त किया। चौथे वरीय शेल्टन अब शनिवार को शीर्ष वरीय टेलर फ्रिट्ज या बारहवें वरीय अलेजांद्रो डाविडोविच फोकीना में से किसी एक से भिड़ेंगे।

पुरुष वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल सातवें वरीय एलेक्स डी मिनौर और फ्रांस के कोरेंटिन माउटे के बीच होगा। डी मिनौर ने ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-4, 6-4 से हराया, जबकि माउटे ने 2021 यूएस ओपन विजेता डेनिल मेदवेदेव को 1-6, 6-4, 6-4 से हराया। इस मैच में तीसरे सेट के दौरान आसमान में बिजली चमकने के कारण करीब एक घंटे का ब्रेक भी लेना पड़ा। डीसी ओपन के सेमीफाइनल मुकाबले अब और भी रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां युवा सितारे और अनुभवी खिलाड़ी आमने-सामने होंगे।

ताइक्कांडो खिलाड़ी आशीष सिंह कोच शाहवेज़ अली के साथ मलेशिया रवाना

एजेंसी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के आशीष सिंह का चयन भारतीय ताइक्कांडो टीम में 6वीं एशियन प्रतियोगिता के लिए हुआ है।आशीष कोच शाहवेज़ अली के साथ प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए दिल्ली से मलेशिया के लिए रवाना हो गए। जिला ताइक्कांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव एवं कोच शाहवेज़ अली ने बताया कि आशीष सिंह का चयन भारतीय ताइक्कांडो टीम में 6वीं एशियन ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए अंडर 33 किलोग्राम भार वर्ग में हुआ है। यह प्रतियोगिता मलेशिया के कुचिंग शहर में स्थित सारावक स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हो रही है। उन्होंने कहा कि आशीष से सभी को उम्मीद है कि वह भारत को अवश्य पदक दिलाएंगे।

आशीष सिंह को रवाना करने के लिए उनके पिता नेम सिंह, भाई रोहित कुमार सहित अन्य लोगों ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए विदाई दी।

कोपा अमेरिका (महिला):10 खिलाड़ियों वाली ब्राजील ने कोलंबिया को गोलरहित ड्रॉ पर रोका

एजेंसी

क्विटो। कोपा अमेरिका महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी के अंतिम मुकाबले में ब्राज़ील ने एक खिलाड़ी कम होने के बावजूद मजबूत डिफेंस का प्रदर्शन करते हुए कोलंबिया को 0-0 की बराबरी पर रोक दिया। यह मैच गोलरहित ड्रॉ रहा, जबकि कोलंबिया को 70 मिनट तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी के साथ खेलने का फायदा नहीं मिल सका। मैच का टर्निंग पॉइंट 21वें मिनट में आया, जब ब्राज़ील की गोलकीपर लोरेना को रेड कार्ड दिखाया गया। कोलंबिया की लिंडा कैईसेडो के तेज़ काउंटर अटैक के दौरान लोरेना ने बॉक्स से बाहर आकर हैंडबॉल किया, जिसके बाद रेफरी मिलाग्रोस अरुएला ने सहायक रेफरी मिरियाना अकीनो से सलाह लेकर उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया। इसके बाद ब्राज़ील ने सब्स्टीट्यूट गोलकीपर क्लाउडिया को मैदान पर उतारा। कोलंबिया के पास कई मौके थे लेकिन वैलेरिन लोबोआ और मायरा रामिरेज़ के प्रयास गोल में तब्दील नहीं हो सके। मैच के बाद लोबोआ ने कहा, यह बहुत मुश्किल और थकाने वाला मुकाबला था। हम

जीतना चाहते थे, लेकिन अब हमें सेमीफाइनल की तैयारी पर ध्यान देना है। दूसरी ओर, ब्राज़ील ने रक्षात्मक रणनीति अपनाते हुए दूसरे हाफ में कुछ काउंटर अटैक किए। यास्मिन, गाबी पोर्टिल्हो और डुडिन्हा ने गोल करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। यास्मिन का एक फ्री किक इंजरी टाइम में क्रॉसबार से टकराया और गोल में तब्दील नहीं हो सका। गोलरहित ड्रॉ के बावजूद ब्राज़ील की खिलाड़ी पोर्टिल्हो ने टीम के प्रदर्शन पर गर्व जताया। उन्होंने कहा, हम जानते थे कि यह मुकाबला बहुत कठिन होगा, लेकिन एक खिलाड़ी कम होने के बावजूद हम इस नतीजे से खुश हैं। अब हमें सेमीफाइनल की तैयारी करनी है।

ग्रुप ई के पहले मुकाबले में मलेशियन आर्म्ड फोर्सेस से भिड़ेगा शिलॉन्ग लाजोंग एफसी

एजेंस

शिलॉन्ग। स्थानीय चहेता क्लब शिलॉन्ग लाजोंग एफसी 134वें इंडियन ऑयल डुरंड कप के ग्रुप ई का आगाज़ करेगा, जब वह मलेशियन आर्म्ड फोर्सेस (एटीएम एफए) के खिलाफ जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, शिलॉन्ग में मैदान में उतरेगा। मुकाबला शाम 4:00 बजे से शुरू होगा, जिसके पहले उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसका उद्घाटन मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा करेंगे। स्थानीय आई-लीग टीम शिलॉन्ग लाजोंग 2024 के डुरंड कप अभियान की शानदार लय को आगे बढ़ाना चाहेगी, जहां उन्होंने क्वार्टर फाइनल में ईस्ट बंगाल को चौंकाया था, हालांकि वे सेमीफाइनल में इवेंचुअल चैंपियन नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से हार गए थे। रेड ड्रैगन्स की मौजूदा टीम में स्थानीय युवा प्रतिभाओं और अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण है। आक्रमण की कमान डगलस टार्डिन के हाथों में होगी, जबकि फिगो सिंडाई, फ्रांगी बुआम और केनस्टार

खरशोंग जैसे स्थानीय सितारों से भी अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। शिलॉन्ग लाजोंग के हेड कोच बीरेन्द्र थापा ने कहा, हम अपने घरेलू मैदान पर डुरंड कप का पहला मैच खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। टीम पूरी तरह तैयार है और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तत्पर है। कैंप का माहौल बेहद सकारात्मक है, खिलाड़ी फुर्तीले, केंद्रित और तैयार नज़र आ रहे हैं। उनके प्रतिद्वंदी, मलेशियन आर्म्ड फोर्सेस, डुरंड कप में पहली बार हिस्सा ले रहे हैं। मलेशिया की सशस्त्र सेनाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली यह टीम अनुशासन, फिटनेस और तीव्रता के लिए जानी जाती है, जो उन्हें किसी भी टीम के लिए चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी बना सकता है।

टिम डेविड की तूफानी सेंचुरी से ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया, सीरीज़ पर किया कब्जा

एजेंसी

बासेटेरे। ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज़ टिम डेविड की विस्फोटक शतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज़ के तीसरे मुकाबले में 6 विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज़ पर 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। वार्नर पार्क में खेले गए इस मुकाबले में डेविड ने सिर्फ 37 गेंदों पर 11 छक्कों और 6 चौकों की मदद से अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा, जो ऑस्ट्रेलिया की ओर से टी20 क्रिकेट में सबसे तेज़ शतक है। इससे पहले यह रिकॉर्ड जोश इंग्लिस के नाम था, जिन्होंने 43 गेंदों में शतक जड़ा था। डेविड की ये पारी अंतरराष्ट्रीय टी20 में तीसरा सबसे तेज़ शतक भी है, उनसे तेज सिर्फ भारत के रोहित शर्मा और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर ने शतक बनाए हैं (35 गेंद में)। डेविड ने मिशेल ओवेन (36* रन, 16 गेंद) के साथ मिलकर 128 रनों की अटूट साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया

को 16.1 ओवर में 215/4 तक पहुंचा दिया। इससे पहले, वेस्टइंडीज ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शाई होप (नाबाद 102 रन, 57 गेंद) की शानदार शतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में 214/4 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। होप ने ब्रैंडन किंग (62 रन, 36 गेंद) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 125 रन जोड़े। होप, क्रिस गेल के बाद वेस्टइंडीज के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिनके नाम तीनों फॉर्मेट में शतक दर्ज है। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत लड़खड़ाई थी, जब ग्लेन मैक्सवेल (20), जोश इंग्लिस (15), मिच मार्श (22) और कैमरन ग्रीन (11) सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौटे। लेकिन इसके बाद टिम डेविड ने तूफानी अंदाज़ में रन बटोरते हुए मैच का रुख पलट दिया। वेस्टइंडीज की ओर से रोमारीओ शेफर्ड ने 2 विकेट लिए, जबकि जेसन होल्डर को 1 सफलता मिली। डेविड को 90 रन पर जीवनदान भी मिला, जब ब्रैंडन किंग ने डीप मिडविकेट पर उनका आसान कैच छोड़ दिया। इसके बाद डेविड ने कोई चूक नहीं की और अंतिम गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। वेस्टइंडीज कप्तान शाई होप ने हार के बाद कहा, इस पिच पर और खासकर इस मैदान के छोटे आकार को देखते हुए 200 रन भी कम पड़ गए। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया की वेस्टइंडीज में लगातार जीत की संख्या 6 हो गई है, जिसमें हाल ही में टेस्ट सीरीज़ में 3-0 की क्लीन स्वीप भी शामिल है।

नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में सरगुजा के तीन खिलाड़ियों को मिला मौका, गाजियाबाद में दिखाएंगे दम

एजेंसी

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ का सरगुजा जिला एक बार फिर खेल जगत में गौरवान्वित हुआ है। जिले के तीन होनहार नेटबॉल खिलाड़ी आयुष्मान यादव, शबनम नाज और माही मंसूरी का चयन 14वीं सेंट्रल जोन नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ राज्य टीम में हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 26 से 28 जुलाई तक उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि चयनित खिलाड़ियों में आयुष्मान यादव बालक वर्ग से

जबकि शबनम नाज और माही मंसूरी बालिका वर्ग से शामिल की गई हैं। शबनम और माही दोनों शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर की छात्राएं हैं। ये खिलाड़ी गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में नियमित अभ्यास कर अपने प्रदर्शन को निखार रही हैं।सरगुजा नेटबॉल संघ के अनुसार, यह चयन जिले के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि यहां के खिलाड़ी लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इन तीनों होनहार खिलाड़ियों को नेटबॉल संघ के सचिव रजत सिंह, सौरभ सिन्हा, गौरव सिंह, के.पी. सिंह, निशांत सिंह गोल्डी, खुशबू गुप्ता, सरगुजा जिला नेटबॉल संघ परिवार और सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ ने शुभकामनाएं दी हैं।

लियोनेल मेसी और जोर्डी आल्बा को एमएलएस ऑल-स्टार मैच में नहीं खेलने पर एक मैच का प्रतिबंध

एजेंसी

नई दिल्ली। इंटर मियामी के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी और जोर्डी आल्बा को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने एक-एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है। यह फैसला दोनों खिलाड़ियों के इस साल के एमएलएस ऑल-स्टार गेम में हिस्सा नहीं लेने के चलते लिया गया है। अब यह दोनों खिलाड़ी मियामी की अगली लीग मैच में एफसी सिनसिनाटी के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। एमएलएस ने जारी एक बयान में कहा, ÷लीग नियमों के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो ऑल-स्टार गेम में बिना पूर्व स्वीकृति के भाग नहीं लेता, वह अपनी क्लब की अगली प्रतियोगिता में खेलने के लिए अयोग्य होता है। एमएलएस कमिश्नर डॉन गार्बर ने कहा, मुझे पता है कि

लियोनेल मेसी इस लीग से कितना प्रेम करते हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई भी खिलाड़ी - या कोई और - मेजर लीग सॉकर के लिए मेसी से ज्यादा योगदान दिया है। मैं उनके इंटर मियामी के प्रति समर्पण को पूरी तरह समझता और सम्मान करता हूं। लेकिन ऑल-स्टार गेम में भागीदारी को लेकर हमारी एक पुरानी नीति है और हमें उसका पालन करना पड़ा। यह निर्णय लेना बहुत कठिन था। उन्होंने आगे कहा, हालांकि, हम इस नीति की समीक्षा करने जा रहे हैं। मैं खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करूंगा ताकि यह तय किया जा सके कि इस नियम को आगे कैसे विकसित किया जाए। गौरतलब है कि मेसी और आल्बा दोनों को प्रशंसकों और मीडिया द्वारा एमएलएस ऑल-स्टार मैच के लिए चुना गया था, लेकिन दोनों ने लीगा एमएक्स ऑल-स्टार्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भाग नहीं लिया, जिसमें एमएलएस ऑल-स्टार टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की। पिछले साल भी मेसी ने चोट के कारण ऑल-स्टार गेम में हिस्सा नहीं लिया था। इंटर मियामी फिलहाल ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस तालिका में पांचवें स्थान पर है और शनिवार रात को चेस स्टेडियम, फोर्ट लॉडरडेल में पहले स्थान पर काबिज एफसी सिनसिनाटी की मेजबानी करेगा।

6वीं उत्तर प्रदेश राज्य रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में मुरादाबाद का प्रतिनिधित्व करने के लिए चार खिलाड़ी रवाना

एजेंसी

मुरादाबाद। पीतलनगरी मुरादाबाद के चार स्केटिंग खिलाड़ी 6वीं उत्तर प्रदेश राज्य रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उत्तर प्रदेश रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 26 व 27 जुलाई तक लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए शुक्रवार को रवाना हो गए। एकेडमी के स्केटिंग प्रशिक्षक शाहवेज़ अली ने बताया कि आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी मुरादाबाद के यशमीत अग्रवाल, वैष्णवी कश्यप, कृतिका पाल और कुनाल सैनी 6वीं उत्तर प्रदेश राज्य रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के एक हजार खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे । शाहवेज अली ने आगे कहा कि रोलर स्केटिंग आज के समय में सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है जो हर कोई बच्चा सीखने के लिए उत्साहित होता है । इस अवसर पर आरएसडी एकेडमी के निदेशक डॉ विनोद कुमार, डॉ जी कुमार, डॉ अजय शर्मा, डॉ गरिमा शर्मा, डॉ गौरव कुमार ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उत्साहवर्धन किया।

'बुमराह जल्द ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं', पूर्व भारतीय क्रिकेटर का चौंकाने वाला खुलासा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने चौंकाने वाला खुलासा किया है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे चौथे टेस्ट मैच में मैदान पर अपना 100 प्रतिशत देने में विफल रहने के बाद लाल गेंद के क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। बुमराह ने अब तक इंग्लैंड की पहली पारी में 28 ओवर फेंके हैं और 1/95 रन देकर एक विकेट के आंकड़े के साथ लौटे हैं। खेल के अंतिम सत्र में उनका एकमात्र आउट जेमी स्मिथ था। यह विकेट लेने के बारे में नहीं था, लेकिन चल रहे चौथे टेस्ट में उनकी गति में उल्लेखनीय गिरावट आई है, जहां वह ज्यादातर 130-135 किमी प्रति घंटे की रेंज में चल रहे हैं। हेडिंग्ले में श्रृंखला के पहले मैच के दौरान उनकी गति से काफी गिरावट आई है। लीड्स और लॉर्ड्स दोनों टेस्ट मैचों में, 31 वर्षीय खिलाड़ी ने लगातार 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार को छुआ। कैफ ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह आगामी टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे और शायद संन्यास भी ले लें। वह अपने शरीर के साथ संघर्ष कर रहे हैं और इस टेस्ट मैच में उनकी गति कम हो गई है। वह एक ईमानदार इंसान हैं और अगर उन्हें लगता है कि वह देश को अपना शत-प्रतिशत नहीं दे पा रहे हैं, तो वह खुद को बाहर कर लेंगे।

भारतीय गेंदबाज़ी की आलोचना के बीच मोर्ने मोर्कल ने चयन रणनीति का किया बचाव, कुलदीप यादव को लेकर दी सफाई

एजेंसी

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में भारत को गेंदबाज़ी में संघर्ष करना पड़ा, खासकर तब जब टीम ने पिछले दस वर्षों में पहली बार एशिया और वेस्ट इंडीज के बाहर किसी मैच में 500 से अधिक रन लुटाए। इस प्रदर्शन के बाद भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कई तीखे सवालों का सामना किया। हालांकि उनके पास सभी सवालों के स्पष्ट जवाब नहीं थे–जैसे कि गेंदबाजों की घटती रफ्तार, शार्दुल ठाकुर का ऑलराउंडर के रूप में चयन और वॉशिंगटन सुंदर को देर से गेंदबाजी देना–लेकिन उन्होंने इतना जरूर साफ किया कि टीम चयन में बल्लेबाज़ी को अतिरिक्त गहराई देने को प्राथमिकता दी गई है।

कुलदीप यादव को लेकर उठे सवाल

कुलदीप यादव को अब तक इस दौरे पर एक भी टेस्ट में मौका नहीं मिला है, जिस पर मोर्कल से दिन के खेल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई बार सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा, मुद्दा यह है कि टीम का संतुलन कैसे बने और बल्लेबाजी क्रम को मजबूत कैसे रखा जाए। कुलदीप विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं और शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन बल्लेबाजी को लेकर संतुलन बैठाना कठिन हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि टीम इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी को देखते हुए स्कोरबोर्ड पर 400 से अधिक रन चाहती है, इसलिए बल्लेबाजी में गहराई जरूरी है। मोर्कल ने जोड़ा, हमारे टॉप छह बल्लेबाज़ों से लगातार रन चाहिए ताकि हम कुलदीप जैसे स्ट्राइक बॉलर को टीम में ला सकें,

क्या भारत रक्षात्मक हो गया है?: जब उनसे पूछा गया कि भारत इतना रक्षात्मक क्यों खेल रहा है और क्या स्ट्राइक गेंदबाजों को खिलाकर रन का बोझ कम नहीं किया जा सकता, तो उन्होंने जवाब दिया, ये विकल्प हमारे सामने होते हैं। लेकिन अब तक की टेस्ट सीरीज़ में हमारे स्पिनरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। लॉर्ड्स टेस्ट हम लगभग जीत ही गए थे और एजबेस्टन टेस्ट भी शानदार था।

गेंदबाजों की रफ्तार और ऊर्जा पर चिंता

दूसरे दिन भारत की गेंदबाज़ी काफी साधारण रही और मोर्कल ने स्वीकार किया कि गेंदबाज़ी इकाई बहुत ज़्यादा प्रयास करने लगी थी, जिससे लाइन-लेंथ बिगड़ी। उन्होंने कहा कि तीसरे दिन गेंदबाज़ों की लाइन बेहतर रही, लेकिन गेंद में वह ऊर्जा नहीं दिखी जो विकेट निकालने के लिए ज़रूरी होती है।

उन्होंने कहा, फ्लैट विकेटों पर आपको गेंद में थोड़ी अतिरिक्त तेजी और ऊर्जा चाहिए होती है ताकि आप कैच आउट या एलबीडब्ल्यू के मौके बना सकें। लेकिन हमारे प्रमुख गेंदबाज, जैसे सिराज, पहले से ही काफी ओवर फेंक चुके हैं।

अंशुल कांबोज को डेब्यू क्यों?

अंशुल कांबोज को सीधे उड़ान से बुलाकर प्रसिद्ध कृष्णा की जगह टीम में शामिल करने पर मोर्कल ने कहा, हमें ऐसा गेंदबाज़ चाहिए था जो लंबी स्पेल फेंक सके और ऑफ स्टंप के आसपास सटीक गेंदबाजी कर सके। कांबोज ने इंडिया ए टूर पर अच्छा प्रदर्शन किया और घरेलू क्रिकेट में भी प्रभावशाली रहे हैं। इसलिए उन्हें मौका दिया गया।

शार्दुल और वॉशिंगटन के इस्तेमाल पर सफाई

शार्दुल ठाकुर को ज्यादा गेंदबाजी नहीं दी गई, जिस पर मोर्कल ने कहा कि चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलना फिट नहीं बैठता जब रनरेट 5 प्रति ओवर हो।

उन्होंने कहा,ऐसे समय में कप्तान विकेट लेने के लिए अपने स्ट्राइक बॉलर्स को वापस लाना चाहता है।, वहीं वॉशिंगटन सुंदर को आखिर में गेंदबाजी दी गई, जहां उन्होंने दो विकेट लेकर कुछ नियंत्रण भी दिखाया। इस पर मोर्कल ने कहा, शुभमन गिल ने शुरुआत में सीमर्स को तरजीह दी, क्योंकि शुरुआत में गेंद मूव कर रही थी। लेकिन जब वॉशिंगटन को मौका मिला, उन्होंने अच्छा काम किया।